E-PAPER

# थिंक राजस्थान

जयपुर
17 अक्टूबर, 2026
शनिवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 94 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) / सोच नई, राजस्थान के लिए / मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

**राजस्थान में फर्जी एमबीबीएस डिग्री से डॉक्टर बनने वाले गिरोह का खुलासा**

# 8वीं पास युवक फर्जी डिग्री से बना डॉक्टर, जिस अस्पताल में पर्चियां काटता था, उसे खरीदकर करने लग गया ऑपरेशन

## 2 आरोपियों को पकड़ा, 7 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज; राजस्थान मेडिकल काउंसिल के तत्कालीन अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध

**थिंक राजस्थान • जयपुर/जालोर**

राजस्थान में फर्जी मेडिकल डिग्रियों के आधार पर डॉक्टर बनकर मरीजों का उपचार करने के मामले में विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि जालोर जिले का एक व्यक्ति महज 8वीं पास होने के बावजूद फर्जी एमबीबीएस और स्त्री एवं प्रसूति रोग संबंधी डिप्लोमा के आधार पर डॉक्टर बन गया। इतना ही नहीं, जिस अस्पताल में वह कभी मरीजों की पर्चियां काटने का काम करता था, बाद में उसी अस्पताल को खरीदकर उसका संचालन करने लगा। उसने अस्पताल को 100 बिस्तरों का बनवाया और अन्य डॉक्टरों के साथ मरीजों के ऑपरेशन भी करने लगा।

एसओजी ने इस मामले में जालोर निवासी नानजी राम चौधरी (45) और सीकर निवासी पंकज यादव (30) को पकड़ा है। नानजी राम को जालोर के रानीवाड़ा और पंकज यादव को हरियाणा के कैथल से पकड़ा गया। इसके अलावा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर चिकित्सक के रूप में पंजीयन कराने के मामले में 7 अन्य आरोपियों को नामजद किया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि फर्जी एमबीबीएस डिग्री और स्त्री एवं प्रसूति रोग विज्ञान में डिप्लोमा हासिल करने के दस्तावेजों के आधार पर राजस्थान में डॉक्टर के रूप में पंजीयन कराने वाले गिरोह का खुलासा किया है।

### 4 साल तक काटता रहा पर्चियां, अस्पताल खरीदा

एसओजी की जांच में सामने आया कि जालोर निवासी नानजी राम चौधरी केवल 8वीं कक्षा तक पढ़ा है। उसने वर्ष 2010 से 2014 के बीच रानीवाड़ा में एक डॉक्टर के पास बाह्य रोगी विभाग के काउंटर पर मरीजों की पर्चियां काटने का काम किया था। इसके बाद उसने कपड़े की दुकान पर भी काम किया। वर्ष 2014 में वह रानीवाड़ा स्थित राजदेव अस्पताल में पर्चियां काटने का काम करने लगा। इसी दौरान उसने चिकित्सा क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए फर्जी शैक्षणिक दस्तावेजों का सहारा लिया। जांच के अनुसार, वर्ष 2015-16 में नानजी राम ने उसी अस्पताल को खरीद लिया, जहां वह पहले काम करता था। उसने अस्पताल का नाम बदलकर भास्कर अस्पताल कर दिया और बाद में इसे 100 बिस्तरों वाले अस्पताल के रूप में विकसित किया। हैरान करने वाली बात यह है कि आरोपी केवल अस्पताल का संचालन ही नहीं कर रहा था, बल्कि अन्य चिकित्सकों की टीम के साथ स्वयं भी मरीजों के ऑपरेशन करने लगा था।

### कानपुर-मुंबई के संस्थानों से फर्जी प्रमाणपत्र

एसओजी की जांच में सामने आया कि नानजी राम चौधरी ने आंध्र प्रदेश बोर्ड से 10वीं और 12वीं कक्षा के प्रमाणपत्र तथा कानपुर की रामा यूनिवर्सिटी के नाम से फर्जी एमबीबीएस डिग्री तैयार करवाई। इसके अलावा मुंबई के एक कॉलेज के नाम से स्त्री एवं प्रसूति रोग विज्ञान में डिप्लोमा का फर्जी प्रमाणपत्र भी बनवाया गया। आरोप है कि इन दस्तावेजों के आधार पर नानजी राम ने राजस्थान मेडिकल काउंसिल के तत्कालीन कर्मचारियों से मिलीभगत कर चिकित्सक के रूप में अपना पंजीयन करवा लिया। जांच एजेंसी ने संबंधित संस्थानों से दस्तावेजों का सत्यापन कराया तो आरोपी के स्त्री एवं प्रसूति रोग संबंधी डिप्लोमा प्रमाणपत्र, आवंटन पत्र, उत्तीर्ण प्रमाणपत्र और परीक्षा प्रयास संबंधी प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए।

### 7 अन्य आरोपियों के खिलाफ भी मामला दर्ज

एसओजी ने फर्जी मेडिकल डिग्रियों और दस्तावेजों के आधार पर चिकित्सक के रूप में पंजीयन कराने के मामले में 7 अन्य व्यक्तियों को भी नामजद किया है। इनमें शांतनु कुमार चारण, दीपक चौधरी, देवेन्द्र नेहरा, गीता कुमारी, महेश कुमार गुर्जर, सरीमूल मजूमदार और राम किशोर महावर शामिल हैं। जांच एजेंसी इन आरोपियों के दस्तावेजों और पंजीयन से संबंधित मामलों की भी जांच कर रही है।

### कजाकिस्तान से मेडिकल की पढ़ाई, भारत में 6 बार परीक्षा में असफल

इसी मामले में पकड़े गए दूसरे आरोपी पंकज यादव की कहानी भी चौंकाने वाली है। एसओजी के अनुसार, सीकर निवासी पंकज यादव वर्ष 2013 से 2018 के बीच कजाकिस्तान में मेडिकल की पढ़ाई करने गया था। विदेश से मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद भारत में चिकित्सकीय अभ्यास के लिए निर्धारित विदेशी मेडिकल स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक था। जांच में सामने आया कि पंकज यादव इस परीक्षा में लगातार 6 बार असफल रहा। इसके बावजूद उसने डॉक्टर के रूप में पंजीयन कराने के लिए कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार करवा लिए। आरोप है कि उसने बिहार के श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज के नाम से फर्जी एमबीबीएस डिग्री और अंकतालिका बनवाई। इसके साथ ही बिहार मेडिकल काउंसिल का फर्जी पंजीयन प्रमाणपत्र भी तैयार करवाया। इन दस्तावेजों के आधार पर उसने राजस्थान मेडिकल काउंसिल में अपना पंजीयन करा लिया। एसओजी ने बिहार मेडिकल काउंसिल और संबंधित मेडिकल कॉलेज से दस्तावेजों का सत्यापन कराया।

### राजस्थान मेडिकल काउंसिल के कर्मचारियों की भूमिका पर सवाल

इस पूरे मामले में राजस्थान मेडिकल काउंसिल की पंजीयन प्रक्रिया भी जांच के घेरे में आ गई है। जानकारी के अनुसार, 14 अक्टूबर को राजस्थान मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. गिरिधारी गोपाल ने जयपुर के अशोक नगर पुलिस थाने में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर चिकित्सक के रूप में पंजीकृत व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद मामला विशेष अभियान समूह को स्थानांतरित कर दिया गया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने संबंधित शैक्षणिक संस्थानों और मेडिकल काउंसिल के फर्जी प्रमाणपत्र तैयार करवाकर राजस्थान मेडिकल काउंसिल में पंजीयन हासिल किया था। एसओजी अब यह पता लगा रही है कि इन दस्तावेजों के आधार पर पंजीयन कैसे स्वीकृत किए गए और दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन की प्रक्रिया में किस स्तर पर लापरवाही या मिलीभगत हुई।

### फर्जी पंजीयन निरस्त

मामले का खुलासा होने के बाद राजस्थान मेडिकल काउंसिल ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर किए गए संबंधित पंजीयन निरस्त कर दिए हैं। इसके साथ ही पंजीयन प्रक्रिया के दौरान कार्यरत काउंसिल के तत्कालीन पदाधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की जांच भी की जा रही है। जांच एजेंसी यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपियों को चिकित्सक के रूप में पंजीयन दिलाने में किन लोगों ने मदद की और इसके पीछे किस स्तर पर मिलीभगत रही। इस पूरे मामले ने मेडिकल डिग्रियों के सत्यापन और चिकित्सकों के पंजीयन की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेष रूप से 8वीं पास व्यक्ति के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अस्पताल का संचालन करने और मरीजों के ऑपरेशन करने के खुलासे ने मरीजों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। अब जांच का महत्वपूर्ण पहलू यह भी होगा कि फर्जी पंजीयन के आधार पर चिकित्सकीय कार्य करने वाले आरोपियों की गतिविधियां कितने समय तक जारी रहीं और इस दौरान संबंधित संस्थानों की निगरानी व्यवस्था किस तरह काम कर रही थी। फिलहाल एसओजी पूरे मामले की जांच कर रही है। आरोपियों की भूमिका और फर्जीवाड़े में सहयोग करने वाले अन्य व्यक्तियों के संबंध में आगे की कानूनी कार्रवाई जांच के निष्कर्षों पर निर्भर करेगी।

**बीफ न्यूज**

### आडवाणी अस्पताल में भर्ती, सीने में इंफेक्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को सीने में इंफेक्शन और उम्र से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उनका इलाज हो रहा है। लालकृष्ण आडवाणी 98 साल के हैं। वह आगामी 8 नवंबर को अपना 99वां जन्मदिन मनाने वाले हैं। आडवाणी वर्तमान में दिल्ली में 30, पृथ्वीराज रोड स्थित आवास पर रहते हैं। साल 2024 के दिसंबर में भी आडवाणी को अपोलो अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। जानकारी के मुताबिक, वह चिकित्सा मूल्यांकन और मेडिकल जांच के लिए एडमिट हुए थे।



**» अंदर विशेष**

- **आबूरोड: ट्रक से 1.47 करोड़ नकदी चोरी का खुलासा, 2 गिरफ्तार, 1.35 करोड़ बरामद**

...पढ़े पेज 2 पर

## टेस्ला ने बनाई 'उड़ने वाली कार', एक सेकेंड में 97 किमी/घंटा, गुलाटी मारेगी

**नई दिल्ली।** इलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला ने 15 अक्टूबर को 'फ्लाइंग कार' रोडस्टर के दो डेमो पेश किए। किसी फिल्मी सीन की तरह उड़ने वाली फ्लाइंग कार मस्क की कंपनी ने बनाई है। दावा है कि 2028 तक आम लोग भी इसे खरीद पाएंगे। कार एक लूप रैंप पर चढ़कर लटकती हुई चिपकी रही, फिर हवा में उड़ती हुई सीधी हो उतर गई। कार ने दूसरी गाड़ियों के ऊपर किक-फ्लिप किया और हवा में पलटी खाकर नीचे उतर आई। लाइव रन में कार 0.81 सेकंड में 60 मील प्रति घंटे, यानी 97 किमी प्रति घंटा की स्पीड तक पहुंची।

टेस्ला ने इसे 'मल्टी मोड सक्शन सिस्टम' नाम दिया है। इसमें खास तरह के पंखे कार के नीचे लो एयर-प्रेशर एरिया बनाते हैं। जबकि बाहर की हवा का दबाव अपनी ताकत से कार को उसके नीचे वाली सतह से चिपका देता है। इसे डाउनफोर्स कहते हैं। जैसे बोतल के ढक्कन की हवा मुंह से खींचकर उसे होठों से चिपका लेते हैं। उसी तरह बाहर की हवा न घुसे, इसलिए कार के नीचे एक खास लेयर से सील किया गया है। दरअसल, कोई भी चीज गुरुत्वाकर्षण बल के चलते आसमान से नीचे गिरती है। कार के मामले में इसे G कहते हैं। वहीं रोडस्टर का सक्शन फैन सिस्टम 2G तक का फोर्स बैलेंस कर सकता है। इसका मतलब है कि अगर कार किसी पुल के नीचे चिपकी है और G की ताकत से नीचे गिर रही है, तो ये फैन सिस्टम दोगुनी ताकत से उसे ऊपर की तरफ चिपकाए रहेगा। थ्रस्ट का मतलब है- धक्का। स्पेसशिप और रॉकेट में थ्रस्टर इंजन लगे होते हैं।

## पुलिस ने रोका 'लहरा दो तिरंगा' मार्च: हिरासत में अभिजीत दिपके और नेहा बोरा, दिल्ली-मुंबई में CJP के खिलाफ व्यापारियों का मोर्चा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 'लहरा दो तिरंगा' मार्च को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) के संस्थापक अभिजीत दिपके और AISA अध्यक्ष नेहा बोरा को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इस बीच, दिल्ली के कनॉट प्लेस में पालिका बाजार के दुकानदारों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के समर्थन में नारेबाजी करते हुए CJP के प्रदर्शन का विरोध किया। व्यापारियों ने दिल्ली पुलिस के समर्थन में भी नारे लगाए। इस दौरान 'मोदी-मोदी' के नारे भी सुनाई दिए।

CJP के प्रदर्शन का विरोध अब कारोबार पर पड़ने वाले असर को लेकर भी तेज हो रहा है। त्योहारों के सीजन में मुंबई के व्यापारियों ने बाजारों और व्यावसायिक इलाकों में हो रहे प्रदर्शनों पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि विरोध-प्रदर्शनों के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होती है, जिससे दुकानदारों को कारोबार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। व्यापारियों ने प्रदर्शनकारियों से अपील की है कि वे विरोध दर्ज कराने के लिए निर्धारित स्थानों का चयन करें, ताकि आम लोगों और कारोबारियों को परेशानी न हो। दरअसल, CJP ने दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में 'लहरा दो तिरंगा' मार्च का आह्वान किया था। मार्च से पुलिस ने दिपके को नोटिस देकर चेतावनी दी थी कि बिना अनुमति जुलूस निकालने या भीड़ जुटाने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

पुलिस के मुताबिक, कनॉट प्लेस के आसपास निषेधाज्ञा लागू थी और प्रस्तावित तिरंगा यात्रा के लिए नई दिल्ली नगर परिषद (NDMC) से अनुमति नहीं मिली थी। दिपके को एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार हिरासत में लिया गया है। इससे पहले, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रस्तावित प्रदर्शन के सिलसिले में मुंबई से दिल्ली पहुंचने पर भी उन्हें हिरासत में लिया गया था। CJP के सदस्यों सौरव दास और आशुतोष रांका की गिरफ्तारी भी इस विवाद की एक अहम वजह है। दोनों को 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के मामले में पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। अब दिपके और नेहा बोरा की हिरासत तथा व्यापारियों के विरोध ने इस मुद्दे को और गरमा दिया है।

## बुमराह एक साल बाद टेस्ट टीम में

**मुंबई।** न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत की टेस्ट और वनडे टीम का ऐलान हो गया है। जसप्रीत बुमराह एक साल बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच पिछले साल नवंबर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था। बुमराह वनडे और टी-20 टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ऋषभ पंत भी टेस्ट टीम में शामिल किए गए हैं। शुभमन गिल टेस्ट टीम के कप्तान बरकरार रखे गए हैं। वनडे फॉर्मेट में गिल के साथ-साथ श्रेयस अय्यर भी कप्तान बनाए गए हैं। गिल शुरुआती तीन वनडे में कप्तान होंगे। वहीं, आखिरी दो वनडे में श्रेयस अय्यर कमान संभालेंगे। भारत 22 अक्टूबर से 1 दिसंबर तक न्यूजीलैंड दौरे पर रहेगा। इस दौरान टीम 5 टी-20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेलेगी।

## पति की हत्या कर सांप छोड़ने वाली रविता को सजा-ए-मौत

### प्रेमी को भी फांसी होगी

**मेरठ।** पति की हत्या करके सांप से डसवाने वाली रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को वारदात के 547 दिन बाद मेरठ जिला कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। शुक्रवार को सजा सुनाने से पहले कोर्ट ने रविता और अमरदीप का पक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुना। जज ने दोनों से पूछा- तुम दोनों को हत्या का दोषी ठहराया गया है। क्या सजा चाहते हो?

रविता ने कहा- मेरे 3 छोटे-छोटे बच्चे हैं। उनका ख्याल रखा जाए। फिर वह चुप हो गई। इसके बाद अमरदीप ने कहा- मेरे मां-बाप बूढ़े हैं। उनकी सेवा करने वाला कोई नहीं है। उनकी देखभाल में कोई कमी न रहे। इसके बाद दोनों फूट-फूट कर रोने लगे। ADJ-12 जयवीर सिंह नागर ने नीला ड्रम हत्याकांड का नाम लिए बगैर कहा- 'केवल काट डालना ही जघन्य अपराध नहीं है।'

जज ने फैसले में सती सावित्री का जिक्र किया। कहा- 'पति की लंबी उम्र के लिए पत्नी करवाचौथ का व्रत करती है, लेकिन यहां प्रेमी के साथ ये कृत्य किया जो माफी लायक नहीं है।' जज ने इसे रेयरेस्ट ऑफ रेयर माना और पेन तोड़कर फेंक दिया। फैसले के बाद जेल में रविता बेहोश हो गई। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा के मुताबिक, रविता सुबह से भूखी थी और लगातार रो रही थी। बुखार आया है। दवाएं दी गई हैं।

**सिरोही: एसडीएम आवास के पास मिलीं, कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और उठाकर ले गए; किसने फेंकी अब तक स्पष्ट नहीं**

# कचरे में मिलीं भाजपा की नई झंडियां, क्रॉस वोटिंग के बाद उठे सवाल

**थिंक राजस्थान • सिरोही**

पंचायत चुनाव से पहले भाजपा की नई झंडियां कचरे के ढेर में मिलने से स्थानीय राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। एसडीएम आवास के पास बड़ी संख्या में भाजपा की झंडियां फेंकी हुई मिलीं। इसकी जानकारी मिलने पर भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और झंडियों को उठाकर ले गए। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पार्टी की प्रचार सामग्री यहां किसने और किन परिस्थितियों में फेंकी।

सामने आई तस्वीरों में भाजपा के भगवा और हरे रंग की नई झंडियां प्लास्टिक एवं अन्य कचरे के बीच पड़ी दिखाई दे रही हैं। चुनाव से पहले इस तरह बड़ी संख्या में प्रचार सामग्री मिलने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। खास बात यह है कि अभी तक झंडियों को फेंकने वाले व्यक्ति या इसके पीछे की वजह के बारे में कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब नगर परिषद चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग को लेकर स्थानीय राजनीति में पहले से चर्चाएं चल रही हैं। क्रॉस वोटिंग किसने की और इसके पीछे क्या राजनीतिक समीकरण रहे, इन सवालों को लेकर स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है। इसी बीच भाजपा की झंडियां कचरे में मिलने की घटना ने नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। कुछ लोग इसे पार्टी के भीतर संभावित नाराजगी से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि, ऐसी किसी नाराजगी या इस घटना के पीछे किसी भाजपा पदाधिकारी अथवा कार्यकर्ता की भूमिका होने की पुष्टि नहीं हुई है। दोनों घटनाओं के बीच कोई संबंध होने का भी प्रमाण सामने नहीं आया है।

भाजपा की प्रचार सामग्री कचरे में पड़े होने की जानकारी मिलने के बाद पार्टी कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने वहां पड़ी झंडियों को एकत्र किया और अपने साथ ले गए। इससे झंडियां तो वहां से हटा दी गईं, लेकिन उन्हें फेंके जाने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। सवाल यह भी उठ रहा है कि यदि झंडियां नई थीं और चुनाव प्रचार में इस्तेमाल की जा सकती थीं, तो उन्हें इस तरह कचरे में क्यों फेंका गया। क्या यह किसी की लापरवाही थी, किसी स्थानीय विवाद का परिणाम था या इसके पीछे कोई अन्य कारण रहा? फिलहाल इनमें से किसी संभावना की पुष्टि नहीं हुई है।

### पंचायत चुनाव से पहले घटना के राजनीतिक मायने

पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने और उम्मीदवारों की घोषणा की प्रक्रिया के बीच यह मामला चर्चा में आ गया है। चुनावी तैयारियों के समय पार्टी की नई प्रचार सामग्री कचरे में मिलना स्थानीय संगठन के लिए असहज सवाल खड़े करता है। विशेष रूप से नगर परिषद चुनाव की क्रॉस वोटिंग को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच इस घटना को राजनीतिक नजरिए से भी देखा जा रहा है। हालांकि, केवल झंडियां कचरे में मिलने के आधार पर पार्टी में अंदरूनी कलह या किसी राजनीतिक साजिश का निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि झंडियां एसडीएम आवास के पास कचरे में कैसे पहुंचीं। इन्हें किसने फेंका और इसके पीछे क्या वजह रही, इसका जवाब अभी सामने नहीं आया है। अब देखना होगा कि भाजपा का स्थानीय संगठन इस संबंध में कोई औपचारिक स्पष्टीकरण देता है या नहीं। साथ ही, यह भी स्पष्ट होना बाकी है कि मामले में प्रशासन या पुलिस के स्तर पर किसी जांच की आवश्यकता समझी जाती है या नहीं। फिलहाल इतना जरूर है कि पंचायत चुनाव से पहले कचरे में मिली भाजपा की झंडियों ने स्थानीय राजनीति में एक नया सवाल खड़ा कर दिया है, जिसका जवाब अभी मिलना बाकी है।

# आबूरोड: ट्रक से 1.47 करोड़ नकदी चोरी का खुलासा, 2 गिरफ्तार, 1.35 करोड़ बरामद

## ज्योत फैक्ट्री से पशु आहार लेकर गुजरात जा रहे ट्रक में रखे थे 2 करोड़ रुपए, मावल चौकी पर जांच के दौरान ट्रक छोड़कर भागा था चालक; मुख्य आरोपी बंटी की तलाश

थिंक राजस्थान • सिरोही/आबूरोड

सिरोही जिले की आबूरोड रीको थाना पुलिस ने ट्रक से बड़ी मात्रा में नकदी चोरी करने के मामले का महज चौबीस घंटे में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक करोड़ 35 लाख रुपये बरामद किए हैं। मामले में ट्रक चालक बंटी गहलोत अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों तक पहुंचने के लिए सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अजेय सिंह राठौड़ ने बताया कि जिले में शराब तस्करी, मादक पदार्थों, हवाला कारोबार और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार और आबूपर्वत वृत्ताधिकारी जितेंद्र सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आबूरोड रीको थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक लक्ष्मण सिंह चम्पावत के नेतृत्व में गठित टीम ने वारदात का खुलासा किया।

### 15 अक्टूबर को पशु आहार के कट्टों के साथ ट्रक में मिले थे दो करोड़ रुपए

पुलिस के अनुसार 15 अक्टूबर को गुजरात के ऊंझा थाना क्षेत्र के वालीवास मक्तुपुर निवासी ६३ वर्षीय भरत भाई पुत्र ईश्वर भाई पटेल ने आबूरोड रीको थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। भरत भाई वर्तमान में आबूरोड स्थित ज्योत फैक्ट्री में प्रबंधक हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि 14 अक्टूबर को ज्योत फैक्ट्री से ट्रक संख्या जीजे-08-एयू-7101 में पशु आहार के कट्टे भरकर गुजरात के ऊंझा के लिए रवाना किए गए थे। ट्रक चालक बंटी गहलोत पुत्र कादर भाई, निवासी गांधीनगर, आबूरोड को माल खाली करने के लिए ऊंझा भेजा गया था। ट्रक में चालक के साथ दो करोड़ रुपये की नकदी भी भेजी गई थी। यह राशि फैक्ट्री में माल खरीदने के लिए गुजरात के ऊंझा स्थित माहिर ट्रेडर्स को दी जानी थी।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, ट्रक जब मावल पुलिस चौकी पहुंचा तो पुलिस ने उसे जांच के लिए रोका। इस दौरान चालक बंटी गहलोत ट्रक छोड़कर मौके से चला गया। चौकी पर जांच के दौरान पुलिस ने ट्रक से नकदी का एक हिस्सा जब्त किया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि ट्रक में रखी कुल दो करोड़ रुपये की राशि में से शेष एक करोड़ ४७ लाख ५० हजार रुपये बंटी गहलोत और उसके साथी चोरी कर फरार हो गए। इस संबंध में आबूरोड रीको थाने में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

### निचलागढ़ के दोनों आरोपी गिरफ्तार, बंटी गहलोत फरार

पुलिस ने मामले में सलमान खान पुत्र साहदुलाखान, उम्र ३५ वर्ष तथा इलियास खान पुत्र हयुमखान, उम्र 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। दोनों पठान समुदाय से हैं और सिरोही जिले के आबूरोड सदर थाना क्षेत्र के थानाफली, निचलागढ़ के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि वारदात में वांछित ट्रक चालक बंटी गहलोत की तलाश लगातार जारी है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से बरामद नकदी को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है।

### तकनीकी साक्ष्यों से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

वारदात की गंभीरता को देखते हुए आबूरोड रीको थाना स्तर पर विशेष टीम गठित की गई। पुलिसकर्मियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। टीम ने ज्योत फैक्ट्री से ट्रक रवाना होने के स्थान से लेकर मावल जांच चौकी तक के रास्तों पर लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग जांची। इसके साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर गोपनीय निगरानी रखी गई। आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाने के लिए मुखबिरों को सक्रिय किया गया और विभिन्न स्थानों से तकनीकी आंकड़े एकत्र कर उनका विश्लेषण किया गया। लगातार जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपियों सलमान खान और इलियास खान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, दोनों के कब्जे से एक करोड़ 35 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

### कार्रवाई में इन पुलिसकर्मियों की रही भूमिका

कार्रवाई में आबूरोड रीको थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक लक्ष्मण सिंह चम्पावत, उपनिरीक्षक पुखराज, सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह, सहायक उपनिरीक्षक विमला, प्रधान आरक्षक महावीर सिंह, आरक्षक ओमप्रकाश, बाबू सिंह, प्रकाश, दिलीप सिंह और वजाराम शामिल रहे। सिरोही साइबर प्रकोष्ठ के नरेंद्र कुमार ने भी कार्रवाई में सहयोग किया। जिला पुलिस अधीक्षक के अनुसार, पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए बड़ी नकदी चोरी की इस वारदात का चौबीस घंटे में खुलासा किया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों से एक करोड़ 35 लाख रुपये की बरामदगी के बाद अब फरार चालक बंटी गहलोत की तलाश की जा रही है।

# सिरोही में मक्का और सौंफ की फसल की आड़ में गांजे की खेती, 4 आरोपी गिरफ्तार

## रोहिड़ा के वालोरिया गांव में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 5 प्रकरण दर्ज कर 2950.84 किलोग्राम गांजे के हरे पौधे जब्त, कार्रवाई में शामिल पुलिसकर्मियों का किया सम्मान

थिंक राजस्थान • सिरोही

**सिरोही।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने रोहिड़ा थाना क्षेत्र के वालोरिया गांव में गांजे की अवैध खेती का खुलासा किया है। यहां पगारा फली में मक्का और सौंफ की फसल की आड़ में गांजे के पौधे उगाए जा रहे थे। पुलिस ने अलग-अलग खेतों में दबिश देकर कुल 2950.84 किलोग्राम वजन के गांजे के हरे पौधे जब्त किए हैं। मामले में 5 प्रकरण दर्ज कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अजेय सिंह राठौड़ ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और खेती पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान मुखबिर से वालोरिया गांव की पगारा फली में अवैध रूप से गांजे की खेती किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस की अलग-अलग टीमों ने खेतों में दबिश देकर कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार, वालोरिया गांव के अलग-अलग खेतों में मक्का और सौंफ की फसल के बीच गांजे के पौधे लगाए गए थे। सामान्य फसलों के बीच गांजे की अवैध खेती की जा रही थी। पुलिस ने संबंधित खेतों में पहुंचकर गांजे के हरे पौधों को जब्त किया और अलग-अलग खातेदारों से जुड़े मामलों में कानूनी कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान कुल 2950.84 किलोग्राम वजन के गांजे के हरे पौधे जब्त किए गए। पुलिस ने 5 अलग-अलग प्रकरण दर्ज करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि अवैध खेती में शामिल अन्य लोगों और इससे जुड़े संभावित नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

### अवैध खेती से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच

पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गांजे की खेती कब से की जा रही थी और इसमें अन्य किन लोगों की भूमिका रही है। अलग-अलग खेतों और खातेदारों से जुड़े मामलों की जांच भी जारी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अजेय सिंह राठौड़ के जिले की कमान संभालने के बाद अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई तेज होती नजर आ रही है। पुलिस का उद्देश्य नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के साथ ही इससे जुड़े लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करना है। वालोरिया गांव में हुई कार्रवाई को जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। हालांकि, गांजे की अवैध खेती से जुड़े अन्य लोगों की संलिप्तता और इसके संभावित नेटवर्क की स्थिति पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

### 4 थानों की पुलिस ने मिलकर की कार्रवाई

इस अभियान में रोहिड़ा, पिण्डवाड़ा, स्वरूपगंज और आबूरोड सदर थानों की पुलिस टीमों ने समन्वय के साथ कार्रवाई की। अलग-अलग खेतों में दबिश देने के लिए पुलिस अधिकारियों और जवानों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। रोहिड़ा थानाधिकारी ओमकरण के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सहायक उपनिरीक्षक छैलसिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने भी सक्रिय योगदान दिया। पुलिस ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर खेतों की जांच करते हुए गांजे की अवैध खेती का खुलासा किया।

### पुलिस अधिकारियों और जवानों का सम्मान

अभियान में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और जवानों को सम्मानित किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अजेय सिंह राठौड़ के नेतृत्व में जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अभियान में पुलिस टीमों के बीच बेहतर समन्वय, मुखबिर तंत्र की सक्रियता और पुलिसकर्मियों की सतर्कता से बड़ी मात्रा में गांजे के हरे पौधे जब्त करने में सफलता मिली। पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने का उद्देश्य कार्रवाई में उनकी मेहनत की सराहना करने के साथ ही पुलिस बल का मनोबल बढ़ाना भी रहा।

# चूरू में नगर परिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान, सुभाष चौक से सब्जी मंडी तक कार्रवाई

थिंक राजस्थान • चूरू

नगर परिषद ने शुक्रवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान की शुरुआत सुभाष चौक से हुई। इसके बाद मुख्य बाजार, गढ़ और सब्जी मंडी क्षेत्र में दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण हटाए गए। अचानक हुई कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया और कई दुकानदार अपना सामान हटाने लगे। नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि दुकानों के आगे सामान रखने और सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने से रास्ते संकरे हो जाते हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी होती है। आमजन को आवागमन में राहत देने के लिए यह अभियान चलाया गया।

कार्रवाई के दौरान आयुक्त अभिलाषा सिंह, आरओ सुरेश चौहान, एक्सईएन वेदपाल सिंह, एईएन सुनील सोनी, जेईएन कैलाश डूडी और एसआई मनोज शर्मा मौजूद रहे। अभियान में कोतवाली, रतननगर और दूधवाखारा थानों के पुलिसकर्मियों के साथ नगर परिषद के सफाईकर्मी भी शामिल रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### भाजपा नेता बोले- कांग्रेसी नहीं कर सकते स्वयंसेवकों की बराबरी

थिंक राजस्थान • जोधपुर

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मनीष पुरोहित ने कहा- कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की ओर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारकों पर की टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने मांग की है कि डोटासरा अपने बयान के लिए संघ परिवार और राष्ट्रवादी विचारधारा के कार्यकर्ताओं से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। मनीष पुरोहित ने कहा- भ्रष्टाचार और पेपरलीक के आरोपों से घिरे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को RSS पर बोलने से पहले उसके इतिहास को जानना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ त्याग, तपस्या और राष्ट्र-समर्पण का पर्याय है। उन्होंने कहा- जिस व्यक्ति के शिक्षा मंत्री रहते प्रदेश में REET पेपरलीक जैसा बड़ा प्रकरण हुआ और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। आज वही व्यक्ति त्याग की मूर्ति संघ के प्रचारकों पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। संघ के प्रचारक अपना संपूर्ण जीवन मां भारती की सेवा में समर्पित करते हैं, जबकि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में शिक्षा विभाग को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था। जिला उपाध्यक्ष मनीष पुरोहित ने कहा- एसी के कमरों में बैठकर राजनीति करने वाले कांग्रेस नेता, राष्ट्रसेवा में लगे स्वयंसेवकों की बराबरी नहीं कर सकते। डोटासरा द्वारा बार-बार संघ पर अनर्गल बयानबाजी कर अपनी राजनीतिक कुंठा का प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

**जिला उपाध्यक्ष ने कहा- संघ के प्रचारकों पर डोटासरा का बयान निंदनीय, माफी मांगें**

### ट्रेन से नीचे गिरे दो युवकों की मौत: जम्मूतवी एक्सप्रेस में हादसा

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर में जम्मूतवी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे दो युवक ट्रेन से नीचे गिर गए। इसकी वजह से दोनों घायल हो गए। उन्हें घायल अवस्था में महात्मा गांधी हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसा शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे हुआ। जम्मू तवी एक्सप्रेस में दो युवक जितेंद्र (18) पुत्र राणाराम मेघवाल निवासी जतीपुरा ओसियां और भूपेंद्र (18) पुत्र खीमाराम निवासी हानिया ओसियां यात्रा कर रहे थे। दोनों युवक जाजीवाल बनाड़ स्टेशन के बीच चलती ट्रेन से नीचे गिर गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। दोनों युवक मजदूरी करते थे। बनाड़ थाना SI सुरेश मीणा ने बताया- दोनों मृतकों की बॉडी को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। वहीं परिजनों की ओर से मृग रिपोर्ट दी गई है। फिलहाल पुलिस मौत के कारणों की तलाश कर रही है।

# रामसरा में दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत कन्या पूजन, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

थिंक राजस्थान • चूरू। जिले के रामसरा गांव स्थित श्री वीर हनुमान शिव जीण धाम में आयोजित द्वितीय विशाल दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत कन्या पूजन कार्यक्रम श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित महोत्सव में पूजा-अर्चना, आरती और अन्य धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं। नवरात्र के अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है और श्रद्धालु उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। महोत्सव का शुभारंभ 11 अक्टूबर को हुआ था। इसके तहत प्रतिदिन सुबह पूजा-अर्चना व आरती तथा शाम को संध्याकालीन आरती, मंगलपाठ और कीर्तन आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजन के तहत 19 अक्टूबर को हवन और रात्रि जागरण तथा 20 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम निर्धारित है।

### हाउसिंग-बोर्ड जयपुर समेत 4 शहरों में लॉन्च करेगा योजनाएं: फ्लैट और घर बनाएगा

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड (RHB) प्रदेश के तीन प्रमुख शहरों-जयपुर, भिवाड़ी और अजमेर के किशनगढ़ में शनिवार को नई आवासीय योजनाएं लॉन्च करेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इन योजनाओं को लॉन्च करेंगे, जिनमें मध्यम और उच्च आय वर्ग (MIG और HIG) के लिए 41 लाख से लेकर 1 करोड़ रुपए से अधिक कीमत के फ्लैट और मकान उपलब्ध होंगे। आवेदन प्रक्रिया 17 अक्टूबर से 16 नवंबर तक चलेगी। इसके साथ ही जयपुर के इंदिरा गांधी नगर में पत्रकारों के लिए भी 144 फ्लैट की योजना लाई जा रही है।

**किशनगढ़ में मिलेंगे 90 स्वतंत्र आवास:** अजमेर के पास किशनगढ़ में हाउसिंग बोर्ड MIG-A वर्ग के 26 मकान (120 वर्ग मीटर), MIG-B वर्ग के 40 (162 वर्ग मीटर) और HIG के 24 स्वतंत्र मकान (210 वर्ग मीटर) बनाए जाएंगे। इन मकानों की अनुमानित लागत करीब 41 लाख, 55 लाख और 69 लाख रुपए होगी।

# पूर्व मंत्री महेश जोशी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत: 5 माह बाद आएंगे बाहर

थिंक राजस्थान • जयपुर

जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले में गिरफ्तार पूर्व मंत्री महेश जोशी को सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को जमानत मिल गई है। महेश जोशी करीब 5 महीने बाद जेल से बाहर आ सकेंगे। एसीबी ने महेश जोशी को 7 मई 2026 को उनके घर से गिरफ्तार किया था। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस दीपंकर दत्ता और जस्टिस शील नागू की बेंच ने 12 अक्टूबर को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले अगस्त 2026 में राजस्थान हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता और सरकारी खजाने को पहुंचे करोड़ों रुपए के नुकसान का हवाला देते हुए महेश जोशी और पूर्व IAS अधिकारी सुबोध अग्रवाल सहित 8 आरोपियों की जमानत खारिज कर दी थी। इसके खिलाफ महेश जोशी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी।

जोशी को इसी मामले में ईडी ने उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में 24 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया था। उस समय भी जोशी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली थी। उस दौरान वे करीब 7 महीने जेल में रहे थे। जेजेएम घोटाले में 9 अप्रैल 2026 को एसीबी ने जलदाय विभाग के पूर्व एसीएस सुबोध अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। सुबोध अग्रवाल के बाद एसीबी ने जोशी को अरेस्ट किया था। एसीबी ने सुबोध अग्रवाल से जलदाय मंत्री रहते महेश जोशी की इस घोटाले में भूमिका को लेकर भी पूछताछ की थी। जल जीवन मिशन (JJM) में हुए घोटाले को लेकर ACB की ओर से पूर्व मंत्री महेश जोशी सहित 22 अधिकारियों के खिलाफ FIR दर्ज की गई थी। इसमें जेजेएम के वित्तीय सलाहकार सुनील शर्मा, तत्कालीन चीफ इंजीनियर राम करण मीणा, दिनेश गोयल, एडिशनल चीफ इंजीनियर अरुण श्रीवास्तव, रमेश चंद मीणा, परितोष गुप्ता, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर निरिल कुमार, विकास गुप्ता, महेंद्र प्रकाश सोनी, भगवान सहाय जाजू, जितेंद्र शर्मा और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर विशाल सक्सेना के नाम शामिल थे।

### विदेश में नौकरी का झांसा, 22 लाख ठगे: फेसबुक पर 'डायोन मार्ले' नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर की दोस्ती, आरोपी दबोचा

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में विदेशी मुद्रा और विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 22 लाख रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में एक आरोपी को हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया है। फेसबुक पर 'डायोन मार्ले' नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर पीड़ित से दोस्ती की। उसने खुद को अमेरिका निवासी और इंग्लैण्ड की फार्मास्यूटिकल कंपनी में अकाउंटेंट होना बताया। गिरफ्तार आरोपी वसीम हुसैन उत्तरप्रदेश के बरेली जिले का रहने वाला है। पुलिस जांच में सामने आया कि उसने ठगी की रकम को लेन-देन के लिए अपने तीन बैंक खाते गिरोह को उपलब्ध करवाए थे। इन खातों में परिवादी से ठगी गई करीब 4.12 लाख रुपए की राशि आई थी।

एडीजी साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि जयपुर निवासी परिवादी से आरोपी ने 3 मई 2024 को फेसबुक पर 'डायोन मार्ले' नाम की महिला बनकर दोस्ती की थी। उसने खुद को अमेरिका की निवासी और इंग्लैंड की एक फार्मास्यूटिकल कंपनी में अकाउंटेंट बताया। इसके बाद परिवादी के बेटे को विदेश में नौकरी दिलाने और खुद भारत आने का झांसा दिया।

# जिला एवं थाना स्तर पर सामुदायिक पुलिस घटकों की बैठक आयोजित



थिंक राजस्थान • फलौदी

आदित्य काकड़े, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक जिला फलोदी ने बताया कि श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार आगामी दिनों में आने वाले विभिन्न त्यौहार एवं पंचायती राज चुनाव के दौरान पुलिस घटकों यथा सीएलजी, य-सीएलजी, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सखी, आदि की मिटिंग जिले के सभी पुलिस थानों में आज दिनांक 16.10.2026 को सीएलजी मिटिगों का आयोजन किया गया। पुलिस थाना फलौदी में आदित्य काकड़े (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक फलौदी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सीएलजी मिटिंग का आयोजन किया गया जिस में अचलसिंह देवड़ा आरपीएस वृताधिकारी वृत फलौदी, नरेश कुमार निर्वाण थानाधिकारी पुलिस थाना फलौदी, मूलसिंह पुलिस निरीक्षक प्रभारी मानव तस्करी विरोधी यूनिट फलौदी भी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक फलौदी द्वारा आगामी त्यौहारों एवं पंचायती राज चुनावों के दौरान पुलिस का सहयोग करने का आहवान किया। अतः धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ब्रीफ न्यूज

### पीपाड़ सब-डिवीजन कार्यालय में आज होगा सुंदरकांड पाठ

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

पीपाड़ सब-डिवीजन कार्यालय में शनिवार को सुबह 9 बजे सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में प्रभु श्रीराम का गुणगान करने के साथ ही हनुमान जी महाराज की आराधना की जाएगी।सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र जाखड़ ने बताया कि सुंदरकांड पाठ के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक आस्था, भक्ति और सकारात्मकता का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर सुंदरकांड पाठ में भाग लेने तथा धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### मतदान दिवसों पर संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) आलोक रंजन ने आदेश जारी कर आगामी पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव के मद्देनजर संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवसों पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश परक्राम्य लिखित अधिनियम 1881 (1881 का अधिनियम 26) के तहत घोषित किया गया है, जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस तथा पुनर्मतदान की स्थिति में पुनर्मतदान के दिन लागू रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार, चुनाव के प्रथम चरण के तहत शेरगढ़, सेखाला, आगोलाई, चाबा, चामू एवं बालेसर निर्वाचन क्षेत्रों में जिला परिषद सदस्यों व पंचायत समिति सदस्यों के लिए 22 अक्टूबर 2026 (गुरुवार) को तथा सरपंच व पंच पदों के लिए 24 अक्टूबर 2026 (शनिवार) को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इसी प्रकार द्वितीय चरण के अंतर्गत ओसियां, सामराऊ, तिंवरी, उम्मेदनगर, बावड़ी, हतुण्डी, भोपालगढ़, आसोप, पीपाड़ शहर, सालवा खुर्द, मण्डोर, लूणी, धवा, बिलाड़ा, कापरडा, केरूं व झंवर निर्वाचन क्षेत्रों में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए 28 अक्टूबर 2026 (बुधवार) तथा सरपंच व पंच के लिए 30 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

### जोधपुर की 17 पंचायत समितियों में द्वितीय चरण के नामांकन कार्य पूर्ण

थिंक राजस्थान • जोधपुर

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के द्वितीय चरण के तहत जोधपुर जिले की 17 पंचायत समितियों के सदस्यों के निर्वाचन हेतु नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुक्रवार को संपन्न हो गई है। कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलक्टर) (पंचायत), जोधपुर के सांख्यिकी प्रकोष्ठ की रिपोर्ट के अनुसार जिले के कुल 261 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कुल 1,435 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं, जिनके माध्यम से 1,313 अभ्यर्थियों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। नामांकन प्रक्रिया के तिथिवार ब्योरे के अनुसार प्रथम दिन 4, दूसरे दिन 54 (51 अभ्यर्थी) तथा तीसरे दिन 269 नामांकन (250 अभ्यर्थी) प्राप्त हुए थे। वहीं नामांकन के चौथे एवं अंतिम दिन 1108 नामांकन पत्र (1,008 अभ्यर्थियों द्वारा) दाखिल किए गए। अब तक पंचायत समिति वार सर्वाधिक 123 नामांकन (99 अभ्यर्थी) भोपालगढ़ पंचायत समिति में प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा पीपाड़ शहर में 109, आसोप में 107, सालवा खुर्द में 103, बावड़ी में 100, झंवर में 95, मंडोर में 91, बिलाड़ा में 90, कापरड़ा में 85, ओसियां में 75, केरू में 70, लूणी, तिंवरी व हतुण्डी में 68-68, उम्मेद नगर व सामराऊ में 62-62 तथा धवा पंचायत समिति में सबसे कम 59 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं।

# भोपालगढ़ पुलिस ने स्मैक तस्कर की संपति सीज की

## 1.58 करोड़ कीमतः बोलेरो कैम्पर गाड़ी, 10 दुकानें तथा जोधपुर में एक आवासीय मकान मय प्लॉट तथा ग्राम झालामलिया में स्थित आवासीय मकान सीज

थिंक राजस्थान • जोधपुर

सत्येन्द्रसिंह महानिरीक्षक रेंज जोधपुर व पंकज आईपीएस जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी व मादक पदार्थो की तस्करी से अर्जित संम्पति को जब्त करने के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जोधपुर ग्रामीण द्वारा सम्पति फ्रीज कि गई। पुलिस थाना भोपालगढ में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित संपत्तियों को फ्रीज करवाने की कार्रवाई को भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग के सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित करते हुए संबंधित संपत्तियों को फ्रीज रखने का आदेश पारित किया गया था।

जिला पुलिस अधीक्षक ने के निर्देषन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेष्वरलाल मेघवाल आरपीएस के सुपरविजन तथा वृताधिकारी भोपालगढ़ गुलाबाराम आरपीएस के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना खेड़ापा राजुराम बामणिया निरीक्षक पुलिस के नेतृत्व में प्रकरण संख्या 199/2023 दिनांक 15.10.2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना भोपालगढ में दर्ज किया गया था इस प्रकरण में आरोपी भागीरथ राम उर्फ भगाराम पुत्र कोजाराम जाति जाट निवासी झालामलिया

पुलिस थाना भोपालगढ को गिरफ्तार कर के कब्जे से 73.30 ग्राम स्मैक बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गहन अनुसंधान किया गया आरोपी भागीरथ उर्फ भगाराम के खिलाफ अन्य थानो में भी 6 एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण दर्ज है।

थानाधिकारी पुलिस थाना भोपालगढ द्वारा आरोपी भागीरथ उर्फ भगाराम व उसके पारिवारिक सदस्यों पत्नी बेबी पत्नी भगाराम उर्फ भागीरथ राम के नाम से खरीदी गई सम्पतियो का पता कर आरोपी भागीरथ उर्फ भगाराम व उसके पारिवारिक सदस्यों पत्नी बेबी पत्नी भगाराम उर्फ भागीरथ राम के द्वारा मादक पदार्थों की अवैध तस्करी से अर्जित धन से निम्न सम्पतियों को खरीदा गया

1 एक बोलेरो कैंपर वाहन,

2 ग्राम. अरटिया कला में 0.6 हैक्टयर जमीन व 10 दुकाने,

3 जोधपुर में मकान व प्लॉट,

4 झालामलिया में स्थित मकान

जिनका वर्तमान अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 01 करोड़ 58 लाख रुपये की चल-अचल संपत्तियां खरीदी गई थीं। पर्याप्त साक्ष्य एवं वित्तीय जांच के आधार पर पर दिनांक 15.10.2026 को थानाधिकारी पुलिस थाना भोपालगढ श्री राजुराम बामणिया के नेतृत्व में एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 एफ (2) के तहत फ्रीज किया गया। उक्त फ्रीजिंग आदेश के संबंध में उपलब्ध अभिलेखों, वित्तीय जांच एवं पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों का परीक्षण करने के उपरांत सक्षम प्राधिकारी ने पुलिस थाना भोपालगढ द्वारा पेश इस्तगाशा के तहत सम्पति को फ्रीज करने का आदेश दिया। जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जोधपुर ग्रामीण पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध ही नहीं, बल्कि उनके द्वारा अवैध रूप से अर्जित चल एवं अचल संपत्तियों के विरुद्ध भी एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी रखेगी, ताकि नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# चाकसू विद्यालय में भामाशाह ने बनवाया जल मंदिर, विधायक रामअवतार बैरवा ने किया उद्घाटन

## स्वच्छ-स्वस्थ पर्यावरण का संदेशः पौधे भेंट, प्रधानाचार्य डॉ. रीना हाड़ा ने किया स्वागत

थिंक राजस्थान • चाकसू

स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चाकसू में गुरुवार 16 अक्टूबर 2026 को भामाशाह सम्मान समारोह जैसा दृश्य देखने को मिला। विद्यालय के भामाशाह दिनेश कुमार शर्मा पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद शर्मा द्वारा विद्यालय परिसर में जल मंदिर का निर्माण करवाया गया, जिसका भव्य उद्घाटन किया गया। जल मंदिर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक राम अवतार बैरवा के कर कमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कैलाश शर्मा (पूर्व चेयरमैन) कृषि मंडी चाकसू एवं श्रीमती पुष्पा देवी शर्मा (चेयरमैन) नगर पालिका चाकसू मौजूद रहीं,कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन ममता सैनी, स्थानीय वार्ड पार्षद कृष्ण बिहारी शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पुनीता शर्मा एवं अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य श्रीमती डॉ. रीना हाड़ा व समस्त स्टाफ एवं एस.डी. एम.सी. सदस्य रामधन सैनी, गोपाल गोस्वामी ने सभी अतिथियों का साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि अतिथियों को उपहार स्वरूप जीवंत पौधों के पॉट्स देकर स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण का संदेश दिया गया। मंच संचालन का कार्य श्री लालचन्द शर्मा व श्रीमती पिंकी शर्मा ने प्रभावी रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में भामाशाह दिनेश कुमार शर्मा के इस पुनीत कार्य की सभी ने सराहना की।

# मतदान-मतगणना के दौरान संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सूखा दिवस घोषित

थिंक राजस्थान • जोधपुर

राजस्थान सरकार के वित्त (आबकारी) विभाग, जयपुर के निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) आलोक रंजन ने आदेश जारी कर आगामी पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए संबंधित चुनाव क्षेत्रों एवं उनके 5 किलोमीटर परिधीय क्षेत्रों में सूखा दिवस घोषित किए हैं।

जारी आदेशानुसार, जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के तहत प्रथम चरण (शेरगढ़, सेखाला, आगोलाई, चाबा, चामू व बालेसर) के लिए 20 अक्टूबर 2026 को सांय 06.00 बजे से 22 अक्टूबर 2026 को सांय 06.00 बजे तक सूखा दिवस रहेगा। वहीं द्वितीय चरण (ओसियां, सामराऊ, तिंवरी, उम्मेदनगर, बावड़ी, हतुण्डी, भोपालगढ़, आसोप, पीपाड़ शहर, सालवा खुर्द, मण्डोर, लूणी, धवा, बिलाड़ा, कापरडा, केरूं व झंवर) में 26 अक्टूबर 2026 को सांय 06.00 बजे से 28 अक्टूबर 2026 को सांय 06.00 बजे तक सुखा दिवस घोषित किया है।

इसी प्रकार सरपंच एवं पंच पद के चुनाव हेतु प्रथम चरण के क्षेत्रों में 22 अक्टूबर 2026 को सांय 06.00 बजे से 24 अक्टूबर 2026 को मतगणना समाप्ति तक तथा द्वितीय चरण के क्षेत्रों में 28 अक्टूबर 2026 को सांय 06.00 बजे से 30 अक्टूबर 2026 को मतगणना समाप्ति तक सूखा दिवस घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त, जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना के लिए निर्धारित तिथि 20 नवंबर 2026 को भी समस्त पंचायत समिति क्षेत्रों में पूर्ण रूप से सूखा दिवस घोषित किया गया है।

# डॉ. बिश्नोई ने फलौदी जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

थिंक राजस्थान • फलौदी

डॉ. अजय कुमार बिश्नोई, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), फलोदी ने जिला चिकित्सालय, फलोदी का आकस्मिक निरीक्षण किया। डॉ. अभिषेक अग्रवाल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अस्पताल परिसर में कुल 03 दवा वितरण केन्द्र हैं, जिनमें चिकित्सकों द्वारा लिखी गयी समस्त जेनरिक दवाइयां तीनों दवा वितरण केन्द्रों पर उपलब्ध हो जाती हैं, मरीजों को बाहर से खरीदने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई दवाई डीजीसी काउंटर पर उपलब्ध नहीं हो तो अस्पताल प्रशासन बाहर से दवाई उपलब्ध करवा देते हैं। यह सुनिश्चित किये जाने हेतु कि चिकित्सकों द्वारा जेनरिक दवाइयां ही मरीजों को लिखी जाती हैं, इस हेतु पांच सदस्यीय चिकित्सकीय कमेटी बनाई गयी है, जो प्रतिमाह उक्त के सम्बन्ध में ऑडिट करती है। डॉ. अजय कुमार बिश्नोई, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), फलोदी ने अस्पताल की साफ-सफाई उचित पायी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि उनके द्वारा 07 रंग की अलग-अलग बेडशीट प्रत्येक दिन हेतु निर्धारित की गयी है, जिससे यह पता चल जाता है कि बेडशीट प्रत्येक दिन परिवर्तित की गयी है।

डॉ. अजय कुमार बिश्नोई ने अस्पताल के प्रत्येक चिकित्सक कक्ष का निरीक्षण किया, समस्त चिकित्सक अस्पताल में मौजूद पाये गये, उन्होंने विशेष रूप से मातृ शिशु कल्याण केन्द्र, प्रसूति गृह का निरीक्षण किया तथा पाया कि उक्त प्रसूति गृह में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था पायी गयी। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल में प्रतिमाह करीब 20–25 सिजेरियन डिलीवरी तथा लगभग 300–350 के आसपास नॉर्मल डिलीवरी की जाती है। शिशु रोग विभाग एस.एन. सी.यू. में प्रभारी चिकित्सक श्री प्रेमप्रकाश सुथार, डॉ. हासन, स्टाफ नेहा मौजूद मिले, जिन्होंने बताया कि अस्पताल का नर्सिंग स्टॉफ 24 घंटे उक्त कक्ष में उपस्थित रहता है। जिला अस्पताल में 100 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर हैं तथा करीब 35 ऑक्सीजन सिलेंडर हैं, परन्तु जिला अस्पताल में ऑक्सीजन सप्लाई हेतु पाइप लाइन की व्यवस्था नहीं है, जिस बाबत डॉ. बिश्नोई ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. अग्रवाल ने सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. बिश्नोई से निवेदन किया कि उक्त अस्पताल में विगत 5 वर्षों से सर्जन का पद रिक्त है, इसलिए अस्पताल में साधारण सर्जरी नहीं हो पा रही है, इसके अतिरिक्त अस्पताल में केवल एक एनेस्थीसिया तथा एमडी मेडिसन के एक-एक चिकित्सक कार्यरत हैं, जिनके अवकाश पर जाने से अस्पताल का कार्य विपरीत से प्रभावित होता है, इसके अतिरिक्त जिला अस्पताल में मनोचिकित्सक एवं डी-एडिक्शन के चिकित्सक का भी अभाव है, जिस कारण मानसिक रूप से बीमार तथा नशे की लत से ग्रसित मरीजों का इलाज संभव नहीं हो पा रहा है, इस सम्बन्ध में डॉ. अजय कुमार बिश्नोई, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आश्वस्त किया कि वे इस सम्बन्ध में समुचित कदम उठाएंगे।

# पंचायत चुनावः सेक्टर अधिकारियों को दिया निर्वाचन प्रक्रिया का प्रशिक्षण

## जोधपुर जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के दिए निर्देश

**थिंक राजस्थान • जोधपुर**

पंचायत आम चुनाव–2026 की तैयारियों के तहत शुक्रवार को सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला कलेक्टर श्री आलोक रंजन ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए चुनाव के दौरान आने वाली विभिन्न चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। आगामी समय में उन्हें सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में भी जिम्मेदारियां निभानी होंगी। ऐसे में अपने कर्तव्यों, अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों की समुचित जानकारी होना आवश्यक है।

उन्होंने चुनाव के दौरान उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों से निपटने के लिए सतर्कता, जिम्मेदारी एवं सूझबूझ के साथ कार्य करने पर जोर दिया। इससे पूर्व प्रशिक्षण शाखा प्रभारी कंचन राठौड़ ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कर्तव्यनिष्ठा, पूर्ण ईमानदारी एवं समर्पण भाव से निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने पंचायत आम चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने निर्वाचन संबंधी नियमों, प्रक्रियाओं तथा चुनाव के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं और उनके समाधान के बारे में समझाया। साथ ही, ईवीएम की कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी भी दी गई।

प्रशिक्षण में लगभग 70 सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया और निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को आगामी पंचायत आम चुनाव–2026 के लिए दक्ष, सजग एवं जिम्मेदार बनाना रहा, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराई जा सके।

**ब्रीफ न्यूज**

### अल्पबचत अभिकर्ता एजेंसी नवीनीकरण के लिए वैधता तिथि से 45 दिन पूर्व करें आवेदन

**थिंक राजस्थान • जोधपुर**

कोषाधिकारी (शहर) ने कोषालय (अल्पबचत), जोधपुर के अंतर्गत कार्यरत समस्त अधिकृत महिला प्रधान एवं एस.ए.एस. अभिकर्ताओं को सूचित किया है कि जिनकी एजेंसी की वैधता तिथि 31 दिसंबर, 2026 है, वे नवीनीकरण के लिए वैधता तिथि से 45 दिन पूर्व आवेदन पत्र जमा करवाएं। उन्होंने बताया कि संबंधित अभिकर्ता समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन पत्र कोषालय (अल्पबचत), जोधपुर में जमा करवाएं।

### दहेज विरोधी संघ के आंध्र प्रदेश अध्यक्ष गणपत सिंह वाड़का के नेतृत्व में एसपी अजय सिंह राठौड़ का सम्मान

**थिंक राजस्थान • सिरोही**

दहेज विरोधी क्षत्रिय संघ भारत के आंध्र प्रदेश अध्यक्ष गणपत सिंह देवड़ा वाड़का के नेतृत्व में एसपी अजय सिंह राठौड़ का सम्मान किया गया। गणपत सिंह मूल रूप से सिरोही जिले के वाड़का निवासी हैं और वर्तमान में आंध्र प्रदेश में रह रहे हैं। संगठन के संस्थापक महेन्द्र सिंह जाखली ने बताया कि गणपत सिंह पिछले 40 वर्षों से राजपूत समाज में दहेज विरोधी विचारधारा को बढ़ावा देने और सामाजिक सुधार के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने स्वयं बिना दहेज विवाह किया और अपने सभी बच्चों के विवाह भी दहेज रहित संपन्न करवाए। उनकी सामाजिक सेवाओं को देखते हुए उन्हें दहेज विरोधी क्षत्रिय संघ भारत का आंध्र प्रदेश अध्यक्ष और राजपूत सर्वोत्तम सहयोग संस्थान भारत का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन ने उनसे आंध्र प्रदेश में प्रवासी राजस्थानियों सहित राजपूत समाज के लोगों को जोड़कर दहेज मुक्त समाज के निर्माण और सामाजिक एकता को मजबूत करने की अपेक्षा जताई है।

### राजुवास के दीक्षांत समारोह में 623 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां

**थिंक राजस्थान • बीकानेर**

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। डेयरी व्यवसाय को बढ़ावा देकर पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। वे शुक्रवार को राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (राजुवास) के नवम दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। राज्यपाल ने युवाओं से नशे से दूर रहने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने छात्राओं को शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में 623 विद्यार्थियों को उपाधियां तथा 42 विद्यार्थियों को विभिन्न पदक प्रदान किए गए। इस दौरान राज्यपाल ने 2.55 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित कन्या छात्रावास का लोकार्पण भी किया। राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, पुणे के निदेशक डॉ. नवीन कुमार ने दीक्षांत उद्बोधन दिया, जबकि कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरु, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे।

# 4 साल से खाली बाल विकास परियोजना अधिकारी का पद, आहोर में आंगनबाड़ी व्यवस्था प्रभावित

## तीन सुपरवाइजर के भरोसे आंगनवाड़ियों की मॉनिटरिंग, पद बढ़ाने और स्थायी नियुक्ति की उठ रही मांग

**थिंक राजस्थान • आहोर**

आहोर क्षेत्र में बाल विकास परियोजना अधिकारी का पद लंबे समय से रिक्त होने के कारण आंगनवाड़ी केंद्रों की निगरानी और विभागीय कार्यों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। सीडीपीओ अनुराधा शर्मा के तबादले के बाद से यह पद करीब चार वर्षों से खाली बताया जा रहा है। ऐसे में क्षेत्र की आंगनवाड़ी व्यवस्था का संचालन और मॉनिटरिंग सीमित कार्मिकों के भरोसे चल रही है। जानकारी के अनुसार, आहोर क्षेत्र की आंगनवाड़ियों की मॉनिटरिंग का जिम्मा वर्तमान में महज तीन सुपरवाइजरों के भरोसे है। क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या और कार्यक्षेत्र को देखते हुए इतने कम सुपरवाइजरों के माध्यम से नियमित निरीक्षण, पोषण संबंधी योजनाओं की निगरानी, लाभार्थियों तक सेवाओं की पहुंच तथा अन्य विभागीय कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करना चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है।

आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के पोषण, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को सेवाएं

उपलब्ध कराने सहित कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं। ऐसे में सीडीपीओ का पद लंबे समय तक रिक्त रहना और सीमित सुपरवाइजरों के भरोसे मॉनिटरिंग होना विभागीय व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। पर्याप्त अधिकारियों और कर्मचारियों की उपलब्धता नहीं होने से आवश्यक कार्यों की नियमित समीक्षा तथा केंद्रों की निगरानी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

### आखिर कब होगी नियुक्ति?

प्रदेश सरकार की ओर से आंगनवाड़ी व्यवस्था के विस्तार और संचालन पर जोर दिया जा रहा है, वहीं आहोर में सीडीपीओ का पद लंबे समय से रिक्त होने का मामला विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। क्षेत्र में सुपरवाइजरों के पद बढ़ाने के साथ-साथ रिक्त सीडीपीओ पद पर शीघ्र नियुक्ति की मांग भी उठ रही है। अब सवाल यह है कि संबंधित विभाग आहोर में सीडीपीओ की नियुक्ति कब करेगा और आंगनवाड़ी केंद्रों की बेहतर मॉनिटरिंग के लिए पर्याप्त स्टाफ कब उपलब्ध करवाया जाएगा? क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि विभाग इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देकर आवश्यक कदम उठाएगा, ताकि आंगनवाड़ी सेवाओं का संचालन अधिक प्रभावी ढंग से हो सके।

# पंचायतीराज चुनाव-2026: कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए एरिया मजिस्ट्रेट नियुक्त

## प्रथम एवं द्वितीय चरण के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**थिंक राजस्थान • जोधपुर**

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) एवं जिला मजिस्ट्रेट आलोक रंजन ने विशेष कार्यपालक दण्डनायक के रूप में प्रशासनिक अधिकारियों को एरिया मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जिला मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 26 सहपठित धारा 14 तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 159 (2) सपठित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 17 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ये नियुक्तियां की हैं।

जारी आदेशानुसार प्रथम चरण के अंतर्गत पंचायत समिति बालेसर में संगीत नाटक अकादमी की सचिव श्रीमती गोमती शर्मा, आगोलाई में प्रोटोकॉल अधिकारी पंकज कुमार, शेरगढ़ में जोधपुर विकास प्राधिकरण की विशेषाधिकारी श्रीमती पुष्पा कंवर सिसौदिया, सेखाला में अति. जिला कलेक्टर शहर द्वितीय श्री ओमप्रकाश सहारण, चामू में वाणिज्य कर विभाग के उपायुक्त (प्रशासन) विशाल दवे तथा चाबा में जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सचिव (प्रशासन) श्री अखिलेश कुमार पीपल को एरिया मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

द्वितीय चरण के लिए बिलाड़ा में जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती मृदुला शेखावत, कापरड़ा में प्रोटोकॉल अधिकारी पंकज कुमार, पीपाड़ शहर में नगर निगम उपायुक्त श्रीमती कंचन राठौड़, सालवां खुर्द में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार श्रीमती सुनीता पंकज, लूणी में जोधपुर विकास प्राधिकरण की उपायुक्त श्रीमती बीनू देवल, धवा में कृषि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री समंदर सिंह, केरूं में अति. जिला कलेक्टर (शहर) ओमप्रकाश सहारण, ओसियां में उपखण्ड अधिकारी शेरगढ़ श्री विक्रान्त शर्मा, सामराऊ में राजस्व अपील अधिकारी ओम प्रकाश बिश्नोई, उम्मेदनगर में वाणिज्य कर विभाग के उपायुक्त श्री विशाल दवे, तिंवरी में अति. निदेशक एचसीएम रीपा भागीरथ बिश्नोई, भोपालगढ़ में अति. जिला कलेक्टर (शहर प्रथम) श्री दौलतराम, आसोप में जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सचिव (प्रशासन) अखिलेश कुमार पीपल, झंवर में जेडीए की विशेषाधिकारी (भूमि) श्रीमती पुष्पा कंवर सिसौदिया, मण्डोर में भू-प्रबंध अधिकारी श्री ओम प्रकाश बिश्नोई, बावड़ी में प्राच्य विद्या संस्थान के निदेशक श्री अजय तथा हतूण्डी पंचायत समिति में संगीत नाटक अकादमी की सचिव श्रीमती गोमती शर्मा को एरिया मजिस्ट्रेट का दायित्व सौंपा गया है। नियुक्त एरिया मजिस्ट्रेटों का क्षेत्राधिकार उनके संबंधित पंचायत समितियों के समस्त वार्ड रहेंगे।

# भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ चौमू में गरबा कार्यक्रम में शामिल हुईं

**थिंक राजस्थान • चौमूं**

राजस्थान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ ने चौमू में वीमेन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से आयोजित गरबा कार्यक्रम में उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक गरबा नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति और उत्सव की जीवंत छटा बिखेरी। आयोजन के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरा माहौल उल्लासमय रहा।

कार्यक्रम का आयोजन भाजपा महिला मोर्चा की मीडिया प्रभारी सुश्री सुजाता मीना, विनोद शर्मा और सोहन सैनी की ओर से किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक गरबा के जरिए सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और महिलाओं की सहभागिता को प्रोत्साहित करने का संदेश देखने को मिला। कार्यक्रम ने आपसी मेलजोल, सांस्कृतिक परंपराओं और उत्सव के रंगों को एक साथ प्रस्तुत किया।

## नामांकन के अंतिम दिन पंचायत समिति परिसर में उमड़ी भीड़, पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता तैनात

# 127 अभ्यर्थियों को 187 नामांकन पत्र वितरित, 119 जमा

**थिंक राजस्थान • पाली**

पंचायती राज आम चुनाव 2026 के तहत पाली पंचायत समिति क्षेत्र में द्वितीय चरण के पंचायत समिति सदस्य पद के चुनाव को लेकर शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन पंचायत समिति परिसर में अभ्यर्थियों और उनके समर्थकों की काफी भीड़ देखने को मिली। नामांकन दाखिल करने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से परिसर में दिनभर हलचल बनी रही। भीड़ को देखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता तैनात करना पड़ा।

**127 व्यक्तियों को वितरित हुए 187 नामांकन पत्र** -रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि पंचायत समिति सदस्य पद के चुनाव के लिए शुक्रवार तक कुल 127 व्यक्तियों को 187 नाम निर्देशन पत्र वितरित किए गए। इनमें से कुल 119 नाम निर्देशन पत्र जमा हुए हैं। निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार अब नामांकन पत्रों की संवीक्षा और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा।

**शनिवार को होगी नामांकन पत्रों की संवीक्षा** -राणावत ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को सुबह 11 बजे से नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इस दौरान प्राप्त नामांकन पत्रों की निर्धारित नियमों के अनुसार जांच की जाएगी। संवीक्षा के बाद अभ्यर्थी सोमवार को दोपहर 3 बजे तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होते ही शेष अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे।

### निर्वाचन कार्य में जुटा रहा कार्मिक दल

नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन निर्वाचन कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक व्यवस्थाओं में जुटे रहे। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुनील कुमार, सुरेश कुमार व्यास, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, लक्ष्मण कुमावत, अभिषेक चतुर्वेदी, युजवेन्द्र खेमलानी, जयपाल सिंह, ताराचंद सेजू, मीठालाल चांवरिया, इकबाल अली, साहिल जोशी, मोहित जोशी सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

# जीजी माता की पाल पर जुटे जनप्रतिनिधि, बिलाड़ा के विकास को लेकर मंथन

## नवनिर्वाचित और निवर्तमान पार्षदों का साफा व दुपट्टा पहनाकर किया सम्मान, अध्यक्ष महेंद्र सिंह पालावत बोले- सभी वार्डों में जरूरत के अनुसार होंगे विकास कार्य

**थिंक राजस्थान • बिलाड़ा**

शहर के विकास को नई दिशा देने और जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी समन्वय को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को धार्मिकजीजी माता की पाल में जुटे वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधि, बिलाड़ा के विकास को लेकर हुआ मंथन नवनिर्वाचित और निवर्तमान पार्षदों का साफा व दुपट्टा पहनाकर किया सम्मान, अध्यक्ष महेंद्र सिंह पालावत बोले- सभी वार्डों में जरूरत के अनुसार होंगे विकास कार्य

बिलाड़ा शहर के विकास को नई दिशा देने और जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी समन्वय को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल जीजी माता की पाल मंदिर में नगरपालिका बिलाड़ा की ओर से स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नगरपालिका के नवनिर्वाचित और निवर्तमान पार्षदों के साथ वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों ने शिरकत की। इस दौरान पुराने अनुभवों को साझा करने के साथ नए बोर्ड के कार्यकाल में शहर के विकास को लेकर भी चर्चा हुई। समारोह में निवर्तमान और नवनिर्वाचित बोर्ड के सदस्यों का साफा और दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का माहौल आपसी सौहार्द, मेल-मिलाप और सकारात्मक संवाद से सराबोर रहा। एक ही मंच पर पुराने और नए जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी ने शहर के विकास में निरंतरता और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया। इस दौरान जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने तथा शहर की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

### सामूहिक प्रयासों से बनेगा आदर्श शहर : पालावत

नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष महेंद्र सिंह पालावत ने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिलाड़ा को आदर्श शहर बनाने का लक्ष्य सामूहिक प्रयासों से ही हासिल किया जा सकता है। शहर के विकास में नगरपालिका के जनप्रतिनिधियों के साथ आमजन की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए सभी को सकारात्मक सोच के साथ मिलकर काम करना होगा। अध्यक्ष पालावत ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में सभी वार्डों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रत्येक वार्ड की जरूरतों और स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य करवाए जाएंगे, ताकि शहर के प्रत्येक क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार हो सके। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी केवल अपने वार्ड तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे शहर को बेहतर बनाने के लिए साझा प्रयास करना भी जरूरी है। उन्होंने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश और प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। इसी भावना के अनुरूप बिलाड़ा में भी विकास कार्यों को गति देने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए।

### निवर्तमान बोर्ड के सहयोग को सराहा

निवर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष रूपसिंह परिहार ने अपने कार्यकाल के दौरान सहयोग देने वाले सभी निवर्तमान पार्षदों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बोर्ड के कार्यकाल में पार्षदों का सहयोग महत्वपूर्ण रहा। शहर के विकास और जनहित से जुड़े कार्यों में सभी ने अपनी भूमिका निभाई। परिहार ने नवनिर्वाचित बोर्ड को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि नए जनप्रतिनिधि शहर की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए बिलाड़ा को आगे बढ़ाने में योगदान देंगे। उन्होंने आपसी समन्वय और सकारात्मक सोच के साथ काम करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### अनुभव और नई सोच के समन्वय पर जोर

समारोह में वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों के बीच हुए संवाद को शहर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना गया। नए बोर्ड के सामने शहर की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने, वार्डों की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य करवाने और आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की जिम्मेदारी है। ऐसे में पूर्व जनप्रतिनिधियों के अनुभव और नए सदस्यों की सोच के बीच बेहतर तालमेल विकास कार्यों को प्रभावी बनाने में सहायक हो सकता है। इस दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल, पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण राम पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं नवनिर्वाचित पार्षद अर्जुनसिंह बोचावत सहित नगरपालिका के नवनिर्वाचित और निवर्तमान पार्षद मौजूद रहे। समारोह ने शहर के विकास के लिए मिल-जुलकर काम करने और जनहित को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। एवं ऐतिहासिक स्थल जीजी माता की पाल मंदिर में नगरपालिका बिलाड़ा की ओर से स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नगरपालिका के नवनिर्वाचित और निवर्तमान पार्षदों के साथ वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों ने शिरकत की। इस दौरान पुराने अनुभवों को साझा करने के साथ नए बोर्ड के कार्यकाल में शहर के विकास को लेकर भी चर्चा हुई। समारोह में निवर्तमान और नवनिर्वाचित बोर्ड के सदस्यों का साफा और दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का माहौल आपसी सौहार्द, मेल-मिलाप और सकारात्मक संवाद से सराबोर रहा। एक ही मंच पर पुराने और नए जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी ने शहर के विकास में निरंतरता और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया। इस दौरान जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने तथा शहर की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### पंचायतीराज चुनावः मतदान दिवस पर कामगारों को सवैतनिक अवकाश अनिवार्य

**थिंक राजस्थान • जोधपुर**

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) (पंचायत), जोधपुर श्री आलोक रंजन द्वारा आगामी पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण आदेश जारी कर प्रथम चरण में जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान दिनांक गुरूवार, 22 अक्टूबर तथा सरपंच व पंच हेतु मतदान दिनांक शनिवार, 24 अक्टूबर को तथा द्वितीय चरण में जिला परिषद सदस्य तथा पंचायत समिति सदस्यों के मतदान दिनांक बुधवार, 28 अक्टूबर व सरपंच व पंच के लिए मतदान दिनांक 30 अक्टूबर को संबंधित चुनाव क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों, निजी एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानदारों, औद्योगिक उपक्रमों तथा व्यवसाय के नियोजकों को अपने यहाँ कार्यरत सभी कामगारों (आकस्मिक कामगारों सहित) के लिए मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश देना अनिवार्य किया गया है ताकि सभी नागरिक अपने मताधिकार का स्वतंत्रतापूर्वक प्रयोग कर सकें। यह अवकाश आदेश संबंधित पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस तथा पुनर्मतदान की स्थिति में पुनर्मतदान के दिन भी पूरी तरह लागू रहेगा। आदेश के तहत प्रथम चरण में शेरगढ़, सेखाला, आगोलाई, चाबा, चामू व बालेसर क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। इसमें जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों हेतु 22 अक्टूबर 2026 (गुरुवार) को और सरपंच व पंच पद हेतु 24 अक्टूबर 2026 (शनिवार) को मतदान कराया जाएगा। वहीं द्वितीय चरण के अंतर्गत ओसियां, सामराऊ, तिंवरी, उम्मेदनगर, बावड़ी, हतुण्डी, भोपालगढ़, आसोप, पीपाड़ शहर, सालवा खुर्द, मण्डोर, लूणी, धवा, बिलाड़ा, कापरडा, केरूं एवं झंवर क्षेत्रों में मतदान आयोजित होगा। इस चरण में जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों हेतु 28 अक्टूबर 2026 (बुधवार) को और सरपंच व पंच पदों के लिए 30 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार) को वोट डाले जाएंगे।

# विद्यालयों में कन्या पूजन से विकसित होगा नारी सम्मान और संस्कारों का भाव

## नारी सम्मान, सामाजिक समरसता और चरित्र निर्माण की दिशा में सार्थक पहल

**थिंक राजस्थान • बिलाड़ा**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालकोसनी में भारतीय संस्कृति, नारी सम्मान, सामाजिक समरसता एवं चरित्र निर्माण के उद्देश्य से कन्या पूजन का सात्विक, गरिमामय एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को नारी शक्ति के सम्मान, संवेदनशीलता, स्वाभिमान एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक महेश चंद्र शर्मा ने कहा कि कन्या पूजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नारी सम्मान, सामाजिक समरसता, सुरक्षा, स्वाभिमान एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों के संस्कार विकसित करना है। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन केवल एक धार्मिक परंपरा या औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि बालमन में नारी के प्रति आदर, संवेदनशीलता और सम्मानपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करने का एक सार्थक शैक्षिक प्रयास है।

उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति में सामाजिक मूल्यों को परंपराओं और संस्कारों से जोड़कर जनमानस में स्थापित करने की समृद्ध परंपरा रही है। जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षों की रक्षा और जल संरक्षण को सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ा गया है, उसी प्रकार कन्या पूजन जैसे आयोजनों के माध्यम से बाल्यावस्था से ही बालकों में बालिकाओं एवं महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और सुरक्षा का भाव विकसित किया जा सकता है। संस्थाप्रधान आईदानराम चौधरी ने कन्या पूजन के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों, अहंकार के त्याग, आत्मशुद्धि, व्रत की पूर्णता, सुख-समृद्धि, सकारात्मक ऊर्जा एवं सामाजिक सद्भाव जैसे विषयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान केवल एक दिन के पूजन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि यह हमारे दैनिक व्यवहार, विचारों और आचरण का अभिन्न अंग बनना चाहिए। जिस समाज में मातृशक्ति का सम्मान होता है, वहाँ संस्कार, संवेदनशीलता और सामाजिक समरसता को मजबूती मिलती है। विद्यालयों में ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के नैतिक एवं चारित्रिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान कन्याओं के चरण धोकर, तिलक लगाकर, रक्षा सूत्र बाँध कर एवं मुँह मीठा करवाकर विधिवत कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में श्रद्धा, सम्मान एवं सांस्कृतिक चेतना का वातावरण रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों को प्रसादी वितरित की गई। आयोजन में विद्यालय के समस्त स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति एवं सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता श्यामलाल पटेल ने किया।

# जागरूकता कार्यक्रमः विद्यार्थियों ने जाना स्वच्छता का महत्व

**थिंक राजस्थान • जोधपुर**

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई द्वार रूडिप जोधपुर अधीक्षण अभियंता श्री संजय माथुर के निर्देशन में श्री पुष्टिकर श्री पुरोहित सुरजराज रूपादेवी महिला महाविद्यालय जोधपुर मे परियोजना के अन्तर्गत किये जा रहे विकास कार्यों में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कैप रूडिप जयपुर से आये ट्रैनिंग एक्सपर्ट राकेश नाथ तिवारी ने स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी और व्यक्तिगत स्वच्छता, आसपास के परिसर को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया तथा पालिथीन कैरी बैग एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने स्वच्छता के सात आयाम के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। कैप रूडिप जयपुर से जेडंर एक्सपर्ट चिंरजी लाल जी ने सीवरेज प्रणाली के लाभ व सही उपयोग तथा रखरखाव के प्रति छात्राओं को जागरूक किया। उन्होनें कहा कि सीवरेज प्रणाली की सफलता तभी है जब हम सभी मिलकर इसके उपयोग में सावधनी बरतें और सुनिश्चित करें कि कचरा, पॉलिथिन और ठोस अवशिष्ट आदि सीवर लाईन में ना जाए। उपस्थित सहभागियों ने सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलानें व शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करने की शपथ ली।

प्रिंसिपल के.के. व्यास ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता को अपने जीवन में उतारें, प्राप्त जानकारी को घर जाकर अवश्य सांझा करें। कार्यक्रम में सोशल एक्सपर्ट कैप जोधपुर ए एस डी धीरेन्द्र वैष्णव, व्याख्याता पुजा पुरोहित के साथ विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# बीकानेर नगर निगम की पहली साधारण सभा में हुआ हंगामा

### राष्ट्रगीत से लेकर जेसीबी तक के मुद्दे पर भिड़े पार्षद

**थिंक राजस्थान • बीकानेर**

नगर निगम की चुनाव के बाद आयोजित पहली साधारण सभा की शुरुआत से ही सदन में हंगामा देखने को मिला। राष्ट्रगीत को लेकर शुरू हुआ विवाद शहर की समस्याओं और वार्डों में जेसीबी नहीं भेजने के मुद्दे तक पहुंच गया। इस दौरान भाजपा पार्षदों और महापौर अनिल कल्ला के बीच तीखी तकरार हुई। सभा की शुरुआत में भाजपा पार्षदों ने राष्ट्रगीत अधूरा गाए जाने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया।

इस पर महापौर अनिल कल्ला ने कहा कि राष्ट्रगीत का आयोजन सरकार के नियमों के तहत किया गया है। इस मुद्दे पर सदन में दोनों पक्षों के बीच बहस हुई। उपमहापौर पंकज गहलोत ने भाजपा पार्षदों को समझाने का प्रयास करते हुए शहर की समस्याओं पर चर्चा कर समाधान निकालने की अपील की। इसके बाद वार्डों में जेसीबी नहीं भेजने और स्थानीय समस्याओं के समाधान को लेकर हंगामा शुरू हो गया। भाजपा पार्षद सुरेंद्र सिंह और विक्रम ने सवाल उठाते हुए कहा कि पार्षदों की समस्याओं का जवाब देना महापौर का कर्तव्य है। उन्होंने जवाबदेही आयुक्त पर डालने को गलत बताया।

इस दौरान महापौर पर हृदय परिवर्तन को लेकर भी आरोप लगाए गए। सभा में जावेद पड़िहार और भाजपा पार्षदों के बीच भी तीखी बहस हुई। शहर की समस्याओं पर चर्चा के लिए बुलाई गई पहली साधारण सभा में लगातार विरोध और आरोप-प्रत्यारोप के चलते सदन का माहौल गरमाया रहा।

## डीएसटी की अवैध हथियार तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई

# बदमाश के पास मिले पिस्टल व 5 जिंदा कारतूस, थार जब्त

### थार गाड़ी के डेस्क बोर्ड में छुपा रखी थी अवैध पिस्टल व जिंदा कारतूस

**थिंक राजस्थान • जोधपुर**

पुलिस मुख्यालय द्वारा आगामी पंचायतिराज चुनावों को निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने हेतु राज्यभर में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक श्री पंकज के निर्देषन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामेश्वर कड़ेला के निकट सुपरविजन में डीएसटी प्रभारी श्री शंकर कड़वा को चुनावों के दौरान आमजन में भय उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों व अवैध हथियार तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जिस पर दिनांक 16 अक्टूम्बर 2026 को डीएसटी टीम के कानि. चुतराराम की सूचना पर पुलिस थाना बालेसर हल्का क्षेत्र के ग्राम रामनगर से चांचलवा जाने वाले कच्चे रास्ते पर नाकाबंदी कर एक ब्लेक रंग की थार गाड़ी न0 जीजे 09 बीके 0515 को रूकवाकर गाड़ी में बैठे 02 व्यक्तियों के नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम गिरधारीराम पुत्र राजूराम जाति जाट निवासी रामनगर उटाम्बर पुलिस थाना बालेसर जिला जोधपुर व खाली साईड बैठे व्यक्ति ने अपना नाम गणपतराम पुत्र भूराराम जाति जाट निवासी बलाउ जाटी पुलिस थाना मण्डली जिला बालोतरा होना बताया, जिसपर ईतलानुसार उक्त थार गाड़ी की तलाषी ली गई तो उक्त आरोपियों के कब्जे से थार गाड़ी के डेस्क बोर्ड में रखी 01 देषी पिस्टल व 05 जिंदा कारतूस बरामद हुवे, जिसपर ब्लेक थार गाड़ी, 01 पिस्टल व 05 जिंदा कारतूस को कब्जा पुलिस लिया जाकर उक्त दोनो आरोपियों के विरूद्ध पुलिस थाना बालेसर में आर्मस एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण ने बताया कि पंचायतिराज चुनावों में मध्यनजर पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले भर में हथियारों के साथ सोषल मीडिया पर रील्स/फोटो अपलोड कर आमजन मे भय उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है, विशेषकर युवा वर्ग ऐसे गैरकानूनी गतिविधियों से दूर रहें व निम्न बातों का ध्यान रखें -

1. अवैध/डमी हथियारों के साथ फोटो/विडियों बनाकर आमजन में भय कारित करने के उद्देष्य से सोषल मीडिया पर फोटो/विडियों अपलोड कर युवा अपना भविष्य खराब नहीं करे, अन्यथा ऐसी फोटो/विडियों सोशल मीडिया पर अपलोड करने वालें लोगों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।

2. कोई भी व्यक्ति अगर अपने कब्जे में अवैध हथियार रखता हैं एवं आमजन में भय उत्पन्न करने का प्रयास करता हैं तो ऐसे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध संगठित अपराध की धाराओं मे प्रकरण दर्ज किया जाकर कठोर कार्यवाही अमल में लायी जावेगी, जिसमें कम से कम 05 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान हैं।

3. सोशल मीडिया पर अनर्गल व गलत टिप्पणीयां नहीं करें।

4. पंचायतिराज चुनावों के मध्यनजर स्वयं को बढ़ा चढ़ा कर वर्णन करने वाले असामाजिक तत्व, उनको फॉलोअप करने वाले, अश्लील फोटो, अभद्र व असंवैधानिक भाषा का प्रयोग कर किसी व्यक्ति या वर्ग विशेष को टारगेट करने वाले व आमजन में भय उत्पन्न करने वाले लोगों को चिहिन्त कर, उनके विरूद्ध पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।

**गिरफ्तार आरोपी –**

1. गिरधारीराम पुत्र राजूराम जाति जाट निवासी रामनगर उटाम्बर थाना बालेसर जिला बालोतरा।

2. गणपतराम पुत्र भूराराम जाति जाट निवासी बलाउ जाटी पुलिस थाना मण्डली जिला जोधपुर।

▪ **पुलिस टीम–** उक्त कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी शंकर कड़वा, सउनि श्रवणकुमार भंवरिया, हैडकानि मदन मीणा, मुकनसिंह, हरेन्द्र लोहरा, चुतराराम (आसूचना) व पपूराम व थाना स्तर से सउनि श्री सुखाराम, श्रवणराम, जीवणराम व हेमन्त कुमार की विशेष भूमिका रही।

# डेयरी से 520 किलो पनीर करवाया नष्ट

**जयपुर।** दीपावली सीजन पास आते ही प्रदेश में फूड सेफ्टी टीम ने दुग्ध उत्पादों (पनीर, घी, मावा) की विशेष जांच के लिए अभियान शुरू कर दिया। इसके तहत फूड सेफ्टी टीम की सेंट्रल टीम ने राजापार्क स्थित हरियाणा डेयरी के दो दुकानों पर छापा मारा। इस दौरान 520 किलो पनीर मौके पर नष्ट करवाया। पनीर के दो नमूने लेकर जांच के लिए लैब भिजवाए। टीम ने राजापार्क के अलावा विवेकानंद कॉलोनी स्थित गोदाम पर भी छापा मारा। जहां खाद्य लाइसेंस नहीं मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की।

## रामायणम का दूसरा ट्रेलर रिलीज, राम अवतार में रणबीर छाए, रावण भी भारी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड और अब तक की सबसे अधिक महंगी फिल्म 'रामायणम' का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में काफी इम्प्रेसिव नजर आ रहे हैं। वहीं, एक बार फिर यश रावण के रूप में दमदार दिखे हैं। फिल्म को वीएफएक्स की बदौलत मार्वल फिल्मों को जबरदस्त टक्कर दी गई है। फिल्म में साई पल्लवी माता सीता के किरदार में हैं और सनी देओल भगवान हनुमान के रोल में दिखेंगे। ट्रेलर की शुरुआत शानदार विजुअल के साथ होती है। इस दूसरे ट्रेलर की शुरुआत रावण के उदय और उसकी बढ़ती ताकत से होती है। इस ट्रेलर में भगवान राम की झलकियों के साथ बैकग्राउंड में कहा जा रहा है, 'एक युग ऐसा भी था जब मानव भूमि पर भगवान वास करते थे। सृष्टि में शक्ति का संतुलन था। परंतु भगवान ब्रह्मा के वरदान ने एक असुर को इतना शक्तिशाली बना दिया।

लाइफ Style

# आशा

## एक वक्त काम नहीं था, फिर भी एक्टिंग नहीं छोड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टीवी एक्ट्रेस आशा नेगी इन दिनों 'अली बाबा 40 भूत' में नजर आ रही हैं। शो में उनका किरदार साइंस स्टूडेंट का है, जो शुरुआत में भूत-प्रेत जैसी चीजों को बकवास मानता है। आशा के लिए इस शो की शुरुआत ही थोड़ी अलग रही। उन्हें शूट शुरू होने से सिर्फ दो दिन पहले लॉक किया गया था। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने शो के अलावा अपने कॅरियर के उतार-चढ़ाव, लंबे शूटिंग शेड्यूल और निजी जिंदगी से जुड़े कई किस्से साझा किए।

आशा कहती हैं, 'मुझे शो के लिए सिर्फ दो दिन पहले लॉक किया गया था। अगले दिन मेरे ट्रायल हुए। फिर छह एपिसोड की रीडिंग हुई, शाम को लुक टेस्ट हुआ और उसी दौरान शूट भी शुरू हो गया। मुझे उस वक्त सिर्फ चौथे एपिसोड की स्क्रिप्ट पता थी। मुझे आगे की कहानी पता थी, न पीछे की। सच कहूं तो मुझे खुद समझ नहीं आ रहा था कि मैंने ये सब कैसे मैनेज किया।' वह आगे कहती हैं, 'शायद हमारे डायरेक्टर बहुत अच्छे थे और एक्टर्स ने भी बहुत मदद की। कई बार लगता है कि विशाल की परफॉर्मेंस की वजह से मैं बच गई। बाकी सब मस्ती-मजाक में हो गया। मुझे लास्ट मोमेंट पर लॉक किया गया था, तैयारी का टाइम ही नहीं मिला। कई बार सोचती हूं कि मैंने ये सब कैसे कर लिया। लेकिन यही इस काम की खूबसूरती है। कई बार पूरी तैयारी का मौका नहीं मिलता और उसी वक्त चीजों को पकड़ना पड़ता है।' मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक शहर ओरछा में 40 एपिसोड की शूटिंग करीब दो महीने चली। आशा कहती हैं, 'मेरे लिए मेंटल प्रिपरेशन भी उतना ही जरूरी था। 40 एपिसोड का शूट है, तो सिर्फ रीडिंग या स्क्रिप्ट की तैयारी नहीं थी। हमें करीब दो महीने एक आइसोलेटेड रीजन में रहना था। वहीं काम करना है, वहीं खाना-पीना है। वही लोग आपके परिवार और दोस्त बन जाते हैं।

हॉलीवुड मसाला

## वीडियो गेम फ्रेंचाइजी पर आधारित है स्ट्रीट फाइटर

**लॉस एंजिल्स।** विद्युत जामवाल की पहचान उनके एक्शन से है। 'कमांडो' जैसी फिल्मों में वह अपने स्टंट से अलग पहचान बना चुके हैं। अब वह हॉलीवुड पहुंचे हैं। उनकी फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' मशहूर वीडियो गेम फ्रेंचाइजी पर आधारित है। इस फिल्म को लेकर भारतीय दर्शकों की दिलचस्पी की एक बड़ी वजह विद्युत हैं। वह थालसिम के किरदार में नजर आते हैं, जो गेम के चर्चित लड़ाकों में से एक है। लेकिन फिल्म में विद्युत को अपनी प्रतिभा दिखाने का पर्याप्त मौका नहीं मिला है। स्ट्रीट फाइटर जापानी कंपनी कैपकॉम की मशहूर वीडियो गेम फ्रेंचाइजी है। इसकी शुरुआत 1987 में हुई थी। 1991 में आए 'स्ट्रीट फाइटर II' ने इसे दुनिया भर में पहचान दिलाई। गेम में अलग-अलग देशों के लड़ाके मुकाबला करते हैं। हर किरदार का अपना अंदाज और हमला करने का अलग तरीका है।

## प्रियंका को मिला 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा जोनस को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया है। लॉस एंजिल्स में आयोजित तीसरे सालाना 'इनस्टाइल इमेजमेकर अवॉर्ड्स' में प्रियंका को 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान दिया गया. यह सम्मान मनोरंजन जगत में उनके योगदान के साथ-साथ महिलाओं के लिए नए अवसर बनाने और अलग-अलग आवाजों को मंच देने की दिशा में उनके काम को पहचान देता है। इस मौके पर अभिनेता मेगन सूरी, अवंतिका वंदनापु और अमिता राव ने प्रियंका को यह सम्मान प्रदान किया। भारतीय सिनेमा से अपने करियर की शुरुआत करने वाली प्रियंका ने हॉलीवुड में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। अभिनय के अलावा वह निर्माता और उद्यमी के रूप में भी सक्रिय हैं। उनके प्रोडक्शन हाउस 'पर्पल पेबल पिक्चर्स' के जरिए अलग तरह की कहानियों और नए कलाकारों को सामने लाने की कोशिश की जाती रही है। प्रियंका का अंतरराष्ट्रीय करियर केवल फिल्मों तक सीमित नहीं रहा है। वह फैशन और मनोरंजन से जुड़ी चर्चाओं में भी लगातार मौजूद रहती हैं। 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान इसी व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है, खासकर ऐसे समय में जब हॉलीवुड में प्रतिनिधित्व और महिलाओं के लिए समान अवसरों को लेकर चर्चा जारी है।

## गरीबी में मिला दोस्ती का तोहफा मगर अमीरी देगी खतरों को न्यौता

**मुंबई।** वेबसीरीज 'चार यार' का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इस सीरीज में एक्शन, थ्रिल और दोस्ती को मिलेगी। इसमें पूरव झा, नमन जैन, साकिब अयूब और प्रयाग मेहता नजर आ रहे हैं अहम किरादारों में नजर आ रहे हैं। यह सीरीज 23 अक्टूबर को अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। वेबसीरीज 'चार यार की शुरुआत होती है मिडिल क्लास परिवारों के चार लड़कों से। यह सभी परिवारिक अर्थिक स्थिति से परेशान हैं। मगर इन सभी के जीवन में एक मोड़ आता है जिसके बाद चार जिंदगियां हमेशा के लिए बदल जाती हैं। यह चारों दोस्त गरीबी से निजात पाने के लिए चोरी का प्लान बनाते हैं। गलती से यह चारों एक महंगी और एंटीक गाड़ी चुरा लेते हैं और छुपा देते हैं। इसके बाद पुलिस थानों से लेकर गाड़ी चोरी करने वाले बड़े सरगनाओं तक यह बात फैल जाती है। सभी लोग इन्हें ढूंढने की कोशिशों में लग जाते हैं।

## 15 साल बाद आएगा द डर्टी पिक्चर का सीक्वल

**मुंबई।** साल 2011 में आई फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' को लोगों ने काफी पसंद किया था। मिलन लुथरिया के निर्देशन में बनी यह फिल्म सिल्क स्मिता की जिंदगी पर आधारित थी। इसमें विद्या बालन ने लीड रोल प्ले किया था। वहीं, उनके साथ नसीरुद्दीन शाह, इमरान हाशमी और तुषार कपूर भी नजर आए थे। अब फिल्म की निर्माता एकता कपूर ने हाल ही में इसके सीक्वल को लेकर बात की और बताया कि वह जल्द ही 'द डर्टी पिक्चर 2' लेकर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने फिल्म की कहानी से जुड़ा भी अपडेट शेयर किया। एकता ने कहा कि वह काफी समय से फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' के सीक्वल के बारे में सोच रही थीं। अब उन्हें ऐसी कहानी मिल गई है, जिसे वह दर्शकों को सुनाना चाहती हैं। निर्माता ने यह भी बताया कि पहली फिल्म की तरह नई फिल्म भी किसी एक व्यक्ति की जिंदगी पर आधारित होगी।

टीवी मसाला

## अंदर के रावण से लड़ने के लिए मनीष-समीक्षा ने लिया प्रण

**मुंबई।** रावण सिर्फ रामायण का एक पात्र नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के भीतर छिपा एक अवगुण भी है। कभी अहंकार के रूप में तो कभी आत्मविश्वास की कमी के रूप में। हर साल दशहरा के मौके पर रावण दहन अपने अंदर झांकने और मन में छिपे दुर्गुणों से लड़ने की भी प्रेरणा देता है। हर इंसान के भीतर अच्छाई के राम और कमजोरियों के रावण के बीच एक युद्ध चलता रहता है। धारावाहिक हस्तिनापुर के वीर में भीष्म पितामह की भूमिका निभाने वाले अभिनेता मनीष वाधवा कहते हैं, इंसान को बुराइयों का पुतला कहा गया है और मैं भी अलग नहीं हूं। हर इंसान में गुस्सा, अहंकार, ईर्ष्या, निंदा और लालच जैसी बहुत सारी बुराइयां भरी होती हैं। एक बार कुछ गलत होने पर कोशिश होती है कि दोबारा ऐसा न करूं। हम इंसान हैं भगवान नहीं तो कुछ गलतियां बार-बार होती रहती हैं। हम हर साल दशहरा के मौके पर जो रावण को जलता हुआ, रावण पर राम की विजय को देखते हैं, वो बार-बार यही दर्शाता है कि हमें हर बार अपने अंदर के उन रावण रूपी बुराइयों को मारना होगा। धारावाहिक अप्सरा में सुनहरी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री समीक्षा जायसवाल कहती हैं, 'मेरे लिए दशहरा उम्मीद और साहस का त्योहार है। यह याद दिलाता है कि बुराई कितनी भी ताकतवर क्यों न लगे, उसके सामने खड़े होने का हौसला रखना चाहिए। मां दुर्गा की शक्ति और दूसरों की रक्षा करने का भाव मुझे हमेशा प्रेरित करता है।' समीक्षा ने आगे बताया, "किसी नए चुनौतीपूर्ण काम की शुरुआत से पहले कभी-कभी मुझे अपनी क्षमताओं पर संदेह होता था।

## 38 साल से हर संडे गूंज रही सुरों की 'रंगोली'

**नई दिल्ली।** जब देश में मनोरंजन के ज्यादा साधन नहीं थे, तब दूरदर्शन आया और इतने यादगार सीरियल्स और शोज दिए कि उसने घर-घर में लोगों को टीवी खरीदने पर मजबूर कर दिया। एक ऐसा ही शो 1988 में शुरू हुआ था। हिंदी सिनेमा की 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी ने इस शो की शुरुआत की थी और टीवी पर यह इतना बड़ा हिट हुआ कि लोग हर रविवार को सुबह 8 बजे टीवी के सामने बैठकर इस शो का आनंद लेने पर मजबूर हो गए। 'रंगोली' एक म्यूजिकल शो था जो 1988 में दूरदर्शन पर शुरू हुआ था। शो का फॉर्मेट ऐसा था कि हर हफ्ते नया थीम होता था और किसी फिल्मी सितारे या गायक-गायिका के बारे में बताया जाता था और उनसे जुड़े सदाबहार गानों को दिखाया जाता था। यह म्यूजिकल शो हर सुबह की शुरुआत मनोरंजन से करता था। यह शो 80 और 90 के दशक में सबसे ज्यादा हिट रहा। सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी इसने खूब सफलता हासिल की। इसे सबसे ज्यादा लोकप्रियता मिडिल ईस्ट और यूनाइटेड स्टेट्स में मिली थी।

## भक्ति में लीन काजोल, मां और बहन के साथ पहुंचीं माता रानी के दरबार

**मुंबई।** मुखर्जी परिवार हर साल दुर्गा पूजा का उत्सव धूमधाम से सेलिब्रेट करता है। अयान मुखर्जी से लेकर रानी मुखर्जी, काजोल, तनुजा समेत तमाम सितारे पंडाल में पहुंचते हैं और मां की भक्ति-पूजा में लीन रहते हैं। इस साल भी भव्य आयोजन हुआ है। बीते दिन काजोल वहां पहुंचीं। उन्होंने कुछ तस्वीरें साझा की हैं। काजोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने दुर्गा पूजा पंडाल से तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'आज का दिन पूरी तरह से मां के विभिन्न रूपों को समर्पित रहा। एक मां के रूप में, एक बेटी के रूप में, एक रक्षक के रूप में और एक देवी के रूप में'। काजोल ने आगे लिखा है, 'जय मां दुर्गा। उत्साह के साथ जश्न शुरू हो चुका है'। काजोल लाल रंग की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके साथ उनकी मां और दिग्गज अभिनेत्री तनुजा भी हैं। 83 वर्षीय तनुजा अपनी दोनों बेटियों-काजोल और तनीषा के साथ पोज देती दिख रही हैं। अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पूजा की तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'साल के सबसे पसंदीदा वक्त की शुरुआत हो चुकी है। मां आ गई हैं। दुर्गा मां की जय हो'। तस्वीरों में चर्चित निर्देशक अयान मुखर्जी भी नजर आ रहे हैं। बता दें कि अयान, काजोल के चचेरे भाई हैं। काजोल और तनीषा माता रानी के भक्ति गीतों पर थिरकती नजर आईं।

## पर्दे की असली 'देवी', भजन गाकर लोग करते थे पूजा

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में पर्दे पर कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जिन्होंने अपने किरदारों से दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई है। इनमें से एक एक्ट्रेस ऐसी रहीं, जो पर्दे पर मां के किरदारों में खूब पसंद की गईं। हालांकि मां से पहले एक दौर ऐसा था, जब उन्हें लोग सच में देवी समझने लगे थे।

### कौन थी वो अभिनेत्री?

जिस अभिनेत्री के नाम का जिक्र हम कर रहे हैं, उनका नाम है निरूपा रॉय। सिनेमा में भी पर्दे की दमदार मां के किरदार का जिक्र होता है निरूपा रॉय का नाम हमेशा सामने आता है। उन्होंने पर्दे पर कई किरदार निभाए। उनकी पुण्यतिथि के मौके पर आइए जानते हैं, उनसे जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा। निरूपा रॉय का जन्म 4 जनवरी 1931 को गुजरात में हुआ था। निरूपा रॉय जब 15 साल की थीं, तभी उनके पिता ने उनकी शादी कर दी। तब ऐसा होता था कि, जल्दी ही शादी कर दी जाती थी और निरूपा रॉय के साथ भी यही हुआ। शादी के बाद निरूपा रॉय ने फिल्मों में एंट्री की। जब वह फिल्मों में आईं तब उनका नाम कांता चौहान था। शादी के बाद उनके पति ने गुजराती फिल्मों के एक ऑडिशन का विज्ञापन देखा। निरूपा रॉय के पति कमल खुद एक्टर बनना चाहते थे, इसलिए ऑडिशन देने गए। लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था,

डायरेक्टर ने पति की जगह 16 साल की कांता को चुन लिया। फिर कांता चौहान निरूपा रॉय बन गईं और फिल्मों में आ गईं।

### धार्मिक फिल्मों का था चलन

निरूपा रॉय जब फिल्मों में आईं थीं, तो उस दौर में सिनेमा में धार्मिक फिल्मों का चलन ज्यादा था। ज्यादातर फिल्ममेकर धार्मिक फिल्में बनाते थे और निरूपा रॉय की किस्मत भी इन्हीं फिल्मों से खुली। हालांकि निरूपा रॉय के करियर को ब्रेक एक गुजराती फिल्म से मिला था। फिल्मों की शुरुआत में निरूपा रॉय ने धार्मिक फिल्मों में काम किया। 1940 और 50 के दशक में उन्होंने त्रिलोक कपूर के साथ लगभग 16 से 18 धार्मिक फिल्मों में काम किया।

### लोग सच में देवी ही मानने लगे थे

इन फिल्मों में वह देवी के रूप में नजर आईं। हैरानी की बात तो यह थी कि उन्हें लोग सच में देवी ही मानने लगे थे। लोग उन्हें जहां देखते, भजन गाना शुरू कर देते और उनके पैरों में पड़ जाते थे। हर-हर महादेव, राम जन्म, दुर्गा पूजा, चक्रधारी, नाग पंचमी और ना जाने ऐसी कितनी फिल्में थीं, जिनमें निरूपा रॉय नजर आईं। हालांकि, वीर भीमसेन में उन्होंने द्रौपदी का किरदार निभाकर सबका दिल जीत लिया था। अमर राज उनके कॅरियर की पहली हिंदी फिल्म थी। हिंदी सिनेमा में निरूपा रॉय ने इन फिल्मों के बाद कई बड़ी फिल्मों में काम किया। 70 और 80 के दशक में तो उन्होंने सिनेमा की असली मां बनकर ऐसा कारनामा किया कि सब देखते रह गए।

देवी-देवताओं पर बनी इन फिल्मों को ऑडियंस ने किया खूब पसंद

# माता वैष्णों देवी से लेकर माता काली और दुर्गा पर बनी हैं ये शानदार फिल्में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में बनाई गई है जिसमें भगवान की शक्ति और एक भक्त की भक्ति दिखाई गई है। भगवान, राम से लेकर हनुमान तक पर फिल्में बनीं हैं। देवी देवताओं पर बनी इन फिल्मों को ऑडियंस ने खूब पसंद किया था। इस लिस्ट में एक ऐसी भी फिल्म शामिल है, जिसने कमाई और मुनाफे के मामले में शोले जैसी फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया था। नवरात्र के मौके पर जानिए देवियों पर बनी इन 5 खास फिल्मों के बारे में।

### जय संतोषी मां

साल 1975 में संतोषी माता की कहानी सुनाने वाली एक फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम था 'जय संतोषी मां'। इस फिल्म में अनीता गुहा ने माता का किरदार निभाया था। ऐसा माना जाता है कि इस फिल्म के बाद देश भर में संतोषी माता के व्रत करने का चलन बढ़ गया था। थिएटर में फिल्म देखने जाने वाले लोग चप्पल बाहर उतार कर अंदर जाया करते थे। 25 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने उस जमाने में 5 करोड़ का कलेक्शन किया था। मुनाफा कमाने के मामले में इस फिल्म ने शोले को पीछे छोड़ दिया था।

महिमा संतोषी माता की

*1983 में एक और संतोषी मां पर बनी फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम था 'महिमा संतोषी माता की'। फिल्म का डायरेक्शन कमलाकार कामेश्वर राव ने किया था। इस फिल्म में चंद्र मोहन, प्रभा और KR विजय लीड रोल में थे। फिल्म की कहानी माता पर लोगों के विश्वास और उनकी महिमा की थी।*

### जय महाकाली

साल 1979 में मां काली पर फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम था जय महाकाली। इस फिल्म का डायरेक्शन बाबूभाई मिस्त्री ने किया था। फिल्म में मां काली की शक्तियों को दिखाया गया था। इस फिल्म में विक्रम गोखले, रंजना, दीनू त्रिवेदी, माधवी पंड्या जैसे एक्टर्स ने लीड रोल निभाया था। इसकी IMDB रेटिंग की जानकारी नहीं दी गई है।

### दुर्गा मां

1986 में दुर्गा मां नाम की एक फिल्म आई थी। इस फिल्म की कहानी एक अनाथ बच्ची की होती है। उस बच्ची को एक पुलिस अधिकारी गोद ले लेता है। लेकिन उसकी पत्नी बच्ची से खुश नहीं होती है। बच्ची बड़ी होती है तो मां दुर्गा की सच्ची भक्त निकलती है। उसकी शादी होती है और वो उसका नाम दुर्गा रखती है। लेकिन कुछ लोग उस बच्ची की बलि चढ़ाना चाहते हैं। कहानी इमोशनल करने वाली है। इस फिल्म में सचिन पिलगांवकर ने अहम भूमिका निभाई है।

### जय मां वैष्णों देवी

नवरात्रि के दौरान टीवी पर अपने जय मां वैष्णों देवी नाम की फिल्म जरूर देखी होगी। ये फिल्म साल 1994 में थिएटर पर रिलीज हुई थी। ये वही फिल्म है जिसकी कहानी में माता खुद अपने भक्त को किया वादा निभाने के लिए जमीन पर कन्या के रूप में आती है। फिल्म में दिखाया जाता है कि एक कपल औलाद पाने के लिए माता के नौ दिनों के व्रत रखते हैं और पूरे गांव को खाने पर बुला लेते हैं। फिर माता खुद आती हैं और चमत्कार कर पूरे गांव को खाना खिलवाती है।

- भारत ने 4.2 ओवर रहते 6 विकेट पर 116 रन बनाकर दर्ज की जीत
- दीप्ति और निकी ने मिलकर बनाए 82 रन
- नंदनी ने 4 ओवर में 11 रन देकर झटके 2 विकेट

### स्मृति मंधाना के कप्तानी युग की विजयी शुरुआत

# दीप्ति और डेब्यूटेंट निकी की धमाकेदार साझेदारी

रायपुर

भारत ने अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा (49 रन) और पदार्पण करने वाली बल्लेबाज निकी प्रसाद (नाबाद 39) के बीच पांचवें विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की मदद से शुरुआती झटकों से उबरते हुए शुक्रवार को पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 4 विकेट से शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली।

भारत और जिम्बाब्वे पहली बार द्विपक्षीय श्रृंखला में खेल रहे हैं। इस मुकाबले के साथ स्मृति मंधाना के कप्तानी कार्यकाल की भी शुरुआत हुई। भारतीय टीम के लिए 115 रन का लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था लेकिन 19 रन पर 4 विकेट गंवाने के बाद टीम संघर्ष करती दिख रही थी।

## दीप्ति और निकी ने तोड़ा मिताली-अनुजा का रिकॉर्ड

अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति (37 गेंद, आठ चौके) और मध्यक्रम बल्लेबाज निकी (35 गेंद, छह चौके) ने मिलकर 5वें विकेट के लिए 63 गेंद में 82 रन की भागीदारी कर भारत को जीत तक पहुंचाया। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में पांचवें विकेट के लिए भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ने मिताली राज और अनुजा पाटिल के बीच इस विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। इस दौरान दीप्ति आउट हो गईं, पर भारत ने 4.2 ओवर रहते 6 विकेट पर 116 रन बनाकर जीत दर्ज की।

## स्मृति 650 चौके लगाने वाली पहली खिलाड़ी

स्मृति मंधाना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। वह महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 650 चौके पूरे करने वाली पहली बल्लेबाज बन गई हैं। इस प्रारूप में चौके लगाने के मामले में वह अन्य बल्लेबाजों से काफी आगे हैं। इस सूची में श्रीलंका की चमारी अटापट्टू 563 चौकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स 525 चौकों के साथ 500 से अधिक चौके लगाने वाली अन्य महिला बल्लेबाज हैं।

## नयाशा ग्वानजुरा ने झटके 3 विकेट

नयाशा ग्वानजुरा (3 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट) ने अपने पहले ही ओवर में भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना (09) और अनुष्का शर्मा (04) के विकेट लेकर भारत को दो झटके दे दिए। जिम्बाब्वे का मंधाना के खिलाफ शुरुआत में ऑफ स्पिन गेंदबाजी कराने का फैसला सफल रहा। दूसरे ओवर की पहली गेंद हालांकि विकेट लेने वाली गेंद नहीं थी। मंधाना के पास इसे खेलने का समय था लेकिन वह पीछे हटकर पुल शॉट खेलने गईं और गेंद उनके बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर हवा में उछल गई।

## स्कोर बोर्ड

| बिजबर्ड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| केलिस एलनडेलु बो अनुष्का रेड्डी | 42 | 44 | 7 | 0 |
| बीलाड बिना प्रियाश बो गोड | 00 | 04 | 0 | 0 |
| मडिंदर मुपाकिमा का एल बो नंदनी | 16 | 26 | 1 | 0 |
| चाले कैरोर नाबाद | 43 | 33 | 4 | 2 |
| नहशा ग्वानजुरा स्टं कौर बो नंदनी | 09 | 11 | 1 | 0 |
| जिथेन नाकुना स्टं कौर बो नंदनी | 00 | 01 | 0 | 0 |
| विटो कुपेरी रिटायर्ड नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 20 ओवर में 114/5 रन
गेंदबाजी : स्नेह गोड 2-0-16-1, नंदनी शर्मा 4-0-16-2, सैयाली वर्मा 3-0-20-0, दीप्ति शर्मा 4-0-22-0, अनुष्का रेड्डी 3-0-30-1, श्रेयंका 4-0-16-1

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| स्मृति मंधाना स्टं नाकुना बो ग्वानजुरा | 09 | 06 | 2 | 0 |
| शैफाली वर्मा स्टं एलेन बो ग्वानजुरा | 04 | 02 | 1 | 0 |
| अनुष्का स्टं एलनडेलु बो ग्वानजुरा | 04 | 03 | 1 | 0 |
| हरमनप्रीत स्टं ग्वानजुरा बो नाकुना | 01 | 04 | 0 | 0 |
| निकी प्रसाद नाबाद | 39 | 35 | 6 | 0 |
| दीप्ति स्टं कैरोर बो कुपेरी | 49 | 37 | 8 | 0 |
| अरुंधती रेड्डी स्टं कुपेरी बो बिना | 07 | 05 | 0 | 1 |
| अमनजोत कौर नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 01, कुल : 15.4 ओवर में 116/6 रन
गेंदबाजी : टेंडाई मुपाकिमा 1.4-0-19-0, नयाशा ग्वानजुरा 3-0-18-3, जिथेन नाकुना 3-1-19-1, फ्रांसेस्का जिम्बे 1-0-10-0, ऑलिवर वोर 3-0-23-1, बिलाड बिना 4-0-27-1

# वुहान ओपन : कर्तल ने किया उलटफेर

## स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं

एजेंसी ▸▸ वुहान

ब्रिटेन की सोने कर्तल ने वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर 6 एलिना स्वितोलिना के खिलाफ 6-2, 2-6, 6-4 से जीत दर्ज की। इस बड़े उलटफेर के साथ कर्तल पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। 2 घंटे और 3 मिनट तक चले इस कड़े मुकाबले में, कर्तल ने पहला सेट आसानी से जीता था, लेकिन दूसरा सेट हार गईं। इसके बाद तीसरे सेट में उन्होंने बढ़त बनाई और जीत हासिल करते हुए सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। सेमीफाइनल में अब कर्तल का सामना ओस्टापेंको से होगा। सोने कर्तल पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रही थीं। यह उनका तीसरा टूर्नामेंट है, जिसमें उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। साल 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 फॉर्मेट शुरू होने के बाद से, जोहाना कोंटा के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली वह दूसरी ब्रिटिश खिलाड़ी बन गई हैं।

## चोट के कारण खेल से दूर रहीं कर्तल

सोने कर्तल पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रही थीं। यह उनका तीसरा टूर्नामेंट है, जिसमें उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। साल 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 फॉर्मेट शुरू होने के बाद से, जोहाना कोंटा के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली वह दूसरी ब्रिटिश खिलाड़ी बन गई हैं।

## एशियन स्विंग में सोने का बेहतरीन प्रदर्शन

इससे पहले 44वें नंबर पर रहीं कर्तल ने पिछले हफ्ते चाइना ओपन में तीसरे राउंड तक जगह बनाई थी। उन्होंने वुहान में एशियन स्विंग के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहले राउंड में उन्होंने वर्ल्ड नंबर 48 खिलाड़ी एहेलिना कलिनिना को हराया और फिर 'राउंड ऑफ 32' में 12वें नंबर की बेलिंडा बेनसिच को मात दी। इसके बाद, उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में पूर्व फ्रेंच ओपन और विंबलडन फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी को हराया। इस ब्रिटिश खिलाड़ी ने चार बार की ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट स्वितोलिना को भी हरा दिया। दोनों के बीच अब तक हुए तीन मुकाबलों में यह उनकी पहली जीत है।

## जेलेना की सेमीफाइनल में एंट्री

जेलेना ओस्टापेंको ने डोंगफेंग वोया सेंटर कोर्ट में वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में डायना श्नाइडर को 7-6 (6), 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। ओस्टापेंको को एक्शन से भरे पहले सेट में दो सेट पॉइंट बचाने पड़े और दूसरे सेट में 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराकर एक घंटे 37 मिनट में जीत दर्ज करने से पहले ब्रेक डाउन से उबरना पड़ा। दोहा में आखिरी चार में पहुंचने के बाद, यह 2026 में डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में उनका दूसरा सेमीफाइनल है। 2017 के बाद वुहान में यह उनका दूसरा सेमीफाइनल भी है। लातविया की गैरवरीयता प्राप्त स्टार पहले सेट में 2-5 से पीछे थीं, क्योंकि उन्होंने एक महत्वपूर्ण छठे गेम में अपनी सर्व गंवा दी थी। उन्होंने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए स्कोर 3-5 किया, लेकिन उन्हें श्नाइडर की सर्विस तोड़नी पड़ी।

## खबर संक्षेप

### फेनेस्टा ओपनः खुशी ने जीता अंडर-16 डबल्स का टाइटल

**नई दिल्ली।** फेनेस्टा ओपन में हरियाणा की खुशी कादियान ने तमिलनाडु की सनमिता हरिणी के साथ मिलकर गर्ल्स अंडर-16 डबल्स का खिताब जीता। इसके साथ ही, डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में जारी 31वीं फेनेस्टा ओपन नेशनल टेनिस चैंपियनशिप में उनकी 'खिताबी हैट्रिक' (तीन खिताब जीतने) की उम्मीदें बरकरार हैं। 13 वर्षीय खुशी ने अंडर-16 और अंडर-14 कैटेगरी में सिंगल्स के फाइनल में भी जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गए फाइनल में, तीसरी वरीयता प्राप्त कादियान और हरिणी की जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त पूर्वी पटवा और रंजना संग्राम को 6-3, 6-3 से मात दी। कादियान के लिए यह दिन काफी लंबा रहा, क्योंकि यह उनका दिन का तीसरा मैच था।

### एशियाई पैरा बैडमिंटनः सुहास ने जीता मुकाबला

**नागोया।** सुहास एल वाई ने एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में जीत के साथ आगाज करते हुए पुरुषों के एकल एसएल4 ग्रुप ई मैच में बांग्लादेश के जॉयतु धर को सीधे गेम में हराया। पुरुषों के एकल एसएल4 वर्ग में अभिजीत सखुजा ने चीनी ताइपै एन चुआन येह को से मात दी। कृष्णा नागर ने चीनी ताइपै के जिया सियांग लिंग को हराकर जीत के साथ आगाज किया। एसएच6 वर्ग में सिवराजन सोलाइमलाइ ने ग्रुप डी में फिलीपींस के जॉन साइरस मेकलांग को हराया।

# शंघाई मास्टर्स : रूड को हराकर एटीपी मास्टर्स के सबसे युवा सेमीफाइनलिस्ट बने जोडार

एजेंसी ▸▸ शंघाई

19 वर्षीय राफेल जोडार ने कैस्पर रूड को 2 घंटे 20 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 6-4, 6-3 से मात देकर एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में जीत हासिल की। इसके साथ जोडार टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे युवा सेमीफाइनलिस्ट बन गए। इस जीत से, एटीपी टूर पर अपने पहले पूरे सीजन में खेल रहे जोडार ने एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को भी मजबूत कर लिया है। स्पेन के इस खिलाड़ी ने 'एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन' में नोवाक जोकोविच और एलेक्स डी मिनौर को पछाड़ते हुए नौवां स्थान हासिल कर लिया है।

## जोडार ने बनाया मैच पर दबदबा

रूड ने 10वें गेम में सर्विस ब्रेक करके पहला सेट अपने नाम किया, और फिर दूसरे सेट में भी ब्रेक हासिल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद जोडार ने धीरे-धीरे मैच पर अपना दबदबा बनाना शुरू कर दिया। 5-4 से सर्विस ब्रेक करने और फिर दूसरे सेट को बिना कोई अंक गंवाए (लव पर) जीतने के बाद, जोडार ने निर्णायक सेट में रूड की सर्विस को तीन बार तोड़ा। उन्होंने वर्ल्ड नंबर 24 खिलाड़ी के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की।

# भारत-वेस्टइंडीज का पांचवां टी-20 आज

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

वेस्टइंडीज के खिलाफ निर्णायक पांचवें टी20 मैच के साथ श्रृंखला जीतने के लिए भारत को अपनी बल्लेबाजी की कमियों से पार पाते हुए बेहतर प्रदर्शन करना होगा चूंकि कैरेबियाई टीम ने अब तक मेजबान को कांटे की टक्कर दी है।

श्रृंखला अभी 2-2 से बराबरी पर है। भारत के लिए समस्या शीर्ष क्रम से शुरू होती है। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने अभी तक तीन अर्धशतक जमाए हैं लेकिन सलामी जोड़ी के रूप में उनका योगदान 29, 42, 7 और 60 रहा है।

## श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं

श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं है लेकिन अनुभवी और आक्रामक विरोधी टीम के सामने उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल जरूर उठ सकते हैं। तीसरे नंबर पर ईशान ने 43, 37 और छह रन बनाए हैं। वहीं धीर की पारियां 4, 10 और 0 की रही है। तिलक वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी भी हैदराबाद में 12-1 से 14-4 ओवर के बीच कोई चौका नहीं लगा सके और 248 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम नाकाम रही।

### अंडर-19 क्रिकेट

# आर्यवीर का विस्फोटक शतक

## चौके-छक्के लगाकर बनाए 124 रन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग ने बीसीसीआई के अंडर टूर्नामेंट में धमाकेदार शतक लगाया। उन्होंने वीनू मांकड़ ट्रॉफी (50 ओवर टूर्नामेंट) में दिल्ली अंडर 19 टीम की ओर से खेलते हुए 173 रन की पारी खेली। आर्यवीर ने 143 गेंद का सामना किया और 19 चौके व 8 छक्के लगाए। उन्होंने 121 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए, जिससे दिल्ली की टीम ने चंडीगढ़ के खिलाफ 6 विकेट पर 289 रन का स्कोर बनाया। लेकिन उनकी टीम फिर भी हार गई। चंडीगढ़ ने 41.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

## अन्वय द्रविड़ ने ठोके 151 रन

*विजयनगरम। पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय द्रविड़ ने 100 गेंद में 151 रन की शानदार पारी खेली, जिससे कर्नाटक अंडर-19 टीम ने शुक्रवार को गुजरात को पांच विकेट से हराकर वीनू मांकड़ ट्रॉफी के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। कप्तान अन्वय ने अपनी आक्रामक पारी में 20 चौके और तीन छक्के लगाए। उन्हें ध्रुव कृष्णन का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 100 गेंद में 131 रन बनाए। दोनों की पारियों की मदद से कर्नाटक ने वीजेडी पद्धति के तहत मिले 352 रन के विशाल लक्ष्य को 45.3 ओवर में हासिल कर लिया। अन्वय और ध्रुव ने तीसरे विकेट के लिए 26 ओवर से कुछ अधिक समय में 203 रन की बड़ी साझेदारी की।*

# न्यूजीलैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टेस्ट सीरीज के लिए पुरुष क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया है। वनडे सीरीज के शुरुआती तीन मुकाबलों के लिए शुभमन गिल को कमान सौंपी गई है, जबकि आखिरी दो मैचों में श्रेयस अय्यर कमान संभालेंगे। शुरुआती तीन मुकाबलों के लिए 16 सदस्यीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे और श्रेयस अय्यर उनके डिप्टी (उप-कप्तान) होंगे। वहीं, आखिरी दो मैचों में बदलाव करते हुए श्रेयस अय्यर को कप्तान बनाया जाएगा। विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को चौथे और पांचवें वनडे के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। वरिष्ठ बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली पूरी वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध रहेंगे। इनके साथ ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल और नमन धीर भी टीम में शामिल हैं। वहीं, नियमित विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल, तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज और प्रसिद्ध कृष्णा सिर्फ शुरुआती तीन वनडे मैचों में ही खेलेंगे। इसके बाद वे टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए रवाना होंगे। अंतिम दो वनडे मुकाबलों के लिए चयनकर्ताओं ने बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा और तेज गेंदबाज आकिब नबी को टीम में शामिल किया है।

## अपने खर्चे पर नेट गेंदबाज ले जाएंगे गिल

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी को गंभीरता से ले रहे भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने दौरे पर अपने खर्चे पर चार से पांच नेट गेंदबाज ले जाएंगे। विदेश दौरों पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए नेट गेंदबाजों की व्यवस्था करता है, लेकिन किसी भारतीय क्रिकेटर की ओर से अपने खर्च पर गेंदबाजों का अलग समूह ले जाने का यह पहला मामला माना जा रहा है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया, 'गिल न्यूजीलैंड दौरे के लिए 23 या 24 अक्टूबर को रवाना हो सकते हैं। उनके साथ जाने वाले चार से पांच गेंदबाजों के यात्रा और अन्य खर्चों का भुगतान वह स्वयं करेंगे।' व्यस्त कार्यक्रम के कारण गिल न्यूजीलैंड ए के खिलाफ भारत ए के टेस्ट मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्हें एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले भी खेलने हैं। ऐसे में वह टेस्ट तैयारियों के लिए अतिरिक्त समय निकालने के उद्देश्य से पहले ही न्यूजीलैंड रवाना होंगे। इससे उन्हें वहां की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने और लाल गेंद से अपने खेल को बेहतर बनाने का मौका मिलेगा।

### 13 से 21 वर्ष की आयु के 160 क्रिकेटर लेंगे हिस्सा

# पहली बार : एक ही टीम में खेलेंगे लड़के और लड़कियां

एजेंसी ▸▸ कोलंबो

*क्रिकेट में पहली बार 80 ओवर के प्रारूप पर आधारित महिला-पुरुष मिश्रित क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब (एसएससी) में 14 से 29 नवंबर तक किया जाएगा। 'टेस्ट ट्वेंटी' नाम के इस टूर्नामेंट में 13 से 21 वर्ष की आयु के 160 युवा क्रिकेटर हिस्सा लेंगे। इन खिलाड़ियों का चयन दुनिया भर से कर 4 महाद्वीपीय टीमों में शामिल किया जाएगा। खास बात यह है कि प्रत्येक टीम में लड़कियां और लड़के एक साथ खेलेंगे और दोनों के बनाए रन मिलाकर टीम का कुल स्कोर तय होगा।*

## 14 से 29 नवंबर तक कोलंबो में होगा टूर्नामेंट

### मैच में होंगे 40-40 खिलाड़ी

चारों महाद्वीपीय टीमों में 40-40 खिलाड़ी होंगे। प्रत्येक टीम में 20 लड़कियां और 20 लड़के शामिल रहेंगे। हर मुकाबला एक ही दिन में खेला जाएगा और इसमें लाल तथा सफेद, दोनों गेंदों का इस्तेमाल होगा। प्रत्येक टीम को दो बार बल्लेबाजी करने का मौका मिलेगा। मुकाबले के शुरुआती 40 ओवर दिन के समय सफेद पोशाक में लाल गेंद से खेले जाएंगे। इसके बाद अंतिम 40 ओवर रंगीन पोशाक में सफेद गेंद से एसएससी की दुधिया रोशनी में खेले जाएंगे।

### मैच में होगा 'पैरिटी रूल'

आयोजकों के मुताबिक, पहले चरण में बनाए गए रन दूसरे चरण में भी जुड़ते रहेंगे। इस प्रारूप की सबसे खास बात इसका 'पैरिटी रूल' यानी समानता का नियम है, जिसके तहत लड़कियों और लड़कों के प्रदर्शन एक दूसरे के जीत या हार तय करेंगे। 'टेस्ट ट्वेंटी' के संस्थापक और 'पैरिटी रूल' के लेखक गौरव बहिरवानी ने कहा कि समानता का सिद्धांत सिर्फ खेल के नियमों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रसारण में भी लड़कियों और लड़कों को बराबर समय दिया जाएगा।

## उपराष्ट्रपति ने भारतीय नौसेना के पहले स्वदेशी बहुउद्देशीय पोत आईएनएस 'समर्थक' का किया शुभारंभ

# कारवार समुद्री विरासत और समुद्री भविष्य दोनों का प्रतीक

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को कर्नाटक के कारवार में भारतीय नौसेना के पहले स्वदेशी बहुउद्देशीय पोत आईएनएस समर्थक का शुभारंभ किया। यह शुभारंभ रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता और उन्नत स्वदेशी नौसैनिक क्षमताओं के विकास की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**75% से अधिक स्वदेशी सामग्री से युक्त है युद्धपोत आईएनएस समर्थक**

### परीक्षण व मूल्यांकन के लिए बहुमुखी मंच के रूप में करेगा कार्य

उपराष्ट्रपति ने आईएनएस समर्थक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पोत अगली पीढ़ी के हथियारों, सेंसरों और उभरती प्रौद्योगिकियों के परीक्षण और मूल्यांकन के लिए एक बहुमुखी मंच के रूप में कार्य करेगा। इसकी क्षमताएं समुद्री निगरानी और टोही, अपतटीय गश्त, लक्ष्य प्रक्षेपण और पुनर्प्राप्ति, मानवरहित प्रणालियों से जुड़े अभियानों और मानवीय सहायता एवं आपदा राहत में भी सहायक होंगी। ऐसा मंच नौसेना को उभरते प्रौद्योगिकीय विकासों के साथ तेजी से तालमेल बिठाने और स्वदेशी नवाचार को परिचालन क्षमताओं में बदलने में सक्षम बनाएगा। सीपी राधाकृष्णन ने कारवार के रणनीतिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा गहरा प्राकृतिक बंदरगाह और अरब सागर से निकटता इसे भारत की समुद्री सुरक्षा संरचना का एक महत्वपूर्ण घटक बनाती है।

### उपराष्ट्रपति ने की सहायक उद्योगों के प्रयासों की सराहना

उपराष्ट्रपति ने भारत के रक्षा विनिर्माण इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने में भारतीय नौसेना, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निजी शिपयार्डों, डीआरडीओ, शिक्षाविदों, एमएसएमई और स्टार्ट-अप्स के बीच बढ़ती साझेदारी को भी रेखांकित किया। उन्होंने परियोजना में लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) के योगदान का उल्लेख करते हुए, स्वदेशी नौसैनिक क्षमताओं के निर्माण में नौसेना डिजाइनरों, उत्पादन अधिकारियों, शिपयार्ड पेशेवरों, इंजीनियरों, तकनीशियनों, आपूर्तिकर्ताओं और सहायक उद्योगों के प्रयासों की सराहना की।

**विकसित और आत्मनिर्भर भारत के विजन में योगदान**

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता अब केवल एक आकांक्षा नहीं बल्कि एक उभरती हुई वास्तविकता है, जो भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा व्यक्त किए गए विकसित और आत्मनिर्भर भारत के विजन में योगदान देती है। उपराष्ट्रपति ने भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को रेखांकित करते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज और चोल वंश की नौसैनिक परंपराओं को याद किया, जिन्होंने हिंद महासागर और दक्षिण पूर्व एशिया में भारत के समुद्री प्रभाव का विस्तार किया।

## खबर संक्षेप

### 30 हजार भारतीय मजदूरों ने अमेरिका में काम छोड़ा

**कैलिफोनिया।** अमेरिका में करीब 30 हजार भारतीय मजदूरों को खेती का काम छोड़ना पड़ा है। इनमें से कई के पास अमेरिका में रहने और काम करने के पूरे कागजात नहीं हैं। ऐसे में इमिग्रेशन एजेंसी के छापों और पकड़े जाने के डर से मजदूर काम करने से बच रहे हैं। इससे फल और सब्जियों के दाम 30% से 32% तक बढ़ सकते हैं।

### भारत-मंगोलिया में रक्षा सहयोग की प्रतिबद्धता

**उलानबटार ।** भारत व मंगोलिया ने अपने लंबे समय से चले आ रहे रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच 14वीं संयुक्त कार्य समूह की बैठक राजधानी उलानबटार में हुई। बैठक में मौजूदा रक्षा सहयोग की समीक्षा की गई और आपसी सहमति वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई।

### एफ-16 वाले फॉर्मूले से मजबूत होगी वायुसेना

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के पास स्वीकृत 42 स्क्वाड्रन की तुलना में इस समय सिर्फ 29 स्क्वाड्रन ही बचे हैं। आसमान में घटते फाइटर जेट्स को लेकर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने साफ कर दिया है कि अगले कुछ वर्षों तक भारत को हर साल 36 से 40 नए लड़ाकू विमानों की सख्त जरूरत है ताकि इस घाटे की भरपाई की जा सके।

### जैविक ताड़ के गुड़ का पाउडर किया निर्यात

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु से बुल्गारिया को एपीडा की मदद से 1.755 मीट्रिक टन जैविक ताड़ के गुड़ पाउडर निर्यात किया गया है। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम और यूरोपीय संघ से प्रमाणित इस जैविक उत्पाद की खेप कल तमिलनाडु के इरोड जिले से बुल्गारिया के वारना शहर के लिए रवाना की गई।

## गलतफहमी को चर्चा से दूर करेंगे: क्वात्रा

# एसआईआर पर सवालिया निशान लगाने वाली अमेरिकी सांसद का हस्तक्षेप अस्वीकार्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा मतदाता सूचियों को सटीक, पूर्ण और त्रुटिरहित बनाने के लिए की गई एसआईआर की व्यापक प्रक्रिया पर प्रश्नचिन्ह लगाने वाली अमेरिका की भारतीय मूल की सांसद प्रमिला जयपाल को भारत ने दो टूक अंदाज में करारा जवाब दिया है।

- **लोकतंत्र की निर्वाचन प्रक्रिया में हस्तक्षेप न किया जाए**

जिस में वाशिंगटन डीसी में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने मोर्चा संभालते हुए कहा कि हमारे देश के अंदरूनी मामलों में किसी भी तरह का कोई हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा। अगर विषय को लेकर अमेरिकी सांसद को कोई गलतफहमी या असमंजस है। तो उसे दूर करने के लिए हम रचनात्मक संवाद के लिए हमेशा तैयार हैं। बताते चलें कि ये पूरा प्रकरण एक ऐसे समय में सामने आया है।

### प्रमिला ने एक्स पोस्ट से जताई नाराजगी

प्रमिला जयपाल अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी से सांसद हैं और उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भारत में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समूची प्रक्रिया और मतदाता सूची से कुल करीब 13 करोड़ लोगों का नाम हटाए जाने को लेकर गंभीर चिंता जताई है। साथ ही यह भी कहा कि यह मामला अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा लोकतंत्र और मतदाताओं के मतदान अधिकारों को सीमित करने के लिए अपनाए जा रहे हथकंडों से मेल खाता है। प्रमिला के मुताबिक, मैं उन लोगों के समर्थन में हूं, जो इस मुद्दे के विरोध में भारत में शांतिपूर्ण ढंग से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। भारतीय राजदूत की तीखी प्रतिक्रिया क्वात्रा ने एक्स पोस्ट के जरिए अमेरिकी सांसद को दिए जवाब में उन्हें स्पष्ट किया कि भारत में लोकतंत्र का जीवंत स्वरूप मौजूद है। साथ ही मजबूत, स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाएं भी हैं। वो भारत ही है, जहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का लंबा इतिहास रहा है। मैं, अमेरिकी कांग्रेस की महिला सांसद के इस मामले पर उनके सभी शक-सूबों को कारात्मक और रचनात्मक बातचीत से दूर करने के लिए हमेशा तैयार हूं। जयपाल द्वारा टीका-टिप्पणियां नई दिल्ली के लिए अस्वीकार्य हैं।

### ट्रंप ने की ज्ञानेश कुमार की तारीफ

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसी साल अगस्त महीने में ट्रूथ सोशल पर की गई अपनी एक पोस्ट में भारत की चुनाव प्रणाली और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तारीफ करते हुए कहा था कि अमेरिका में भी मतदान की प्रक्रिया में बदलाव की दरकार है। ज्ञानेश ने अमेरिकी प्रशासन से पूछा था कि उनका देश किस तरह से बिना किसी वैध फोटो आईडी (के चुनाव करा सकता है? भारत के चुनावों की प्रशंसा करते हुए ट्रंप ने जोर दिया कि अमेरिका में हमें अब सेव अमेरिका एक्ट को पास कराने की जरूरत है।

## अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो का भारत दौरा आज से

# रिलायंस इंडस्ट्री के जामनगर रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स पर है अब अमेरिका की नजर

**तेल की किल्लत से जूझ रहे अमेरिका ने मांगी अंबानी से मदद?**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के भारत दौरे से दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग बढ़ाने और कारोबारी रिश्तों को मजबूत होने की उम्मीद

**विदेश मंत्री मार्को का मुंबई और जामनगर जाने का है कार्यक्रम | भारत-अमेरिका ऊर्जा सहयोग, व्यापार पर रहेगा जोर**

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो भारत दौरे पर गुजरात के जामनगर में स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज की रिफाइनरी का दौरा करेंगे। यह रिफाइनरी दुनिया की सबसे बड़ी सिंगल-साइट ऑयल रिफाइनरी है।

अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के इस विशाल रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स पर अब अमेरिका की नजर है। रूबियो का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा सहयोग, कारोबार और ट्रेड डील को लेकर बातचीत अहम बनी हुई है। अमेरिकी विदेश विभाग ने 12 को घोषणा की थी कि रुबियो 17 से 22 अक्टूबर के बीच उज्बेकिस्तान के समरकंद और वहां से भारत में मुंबई और जामनगर की यात्रा करेंगे। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के मुताबिक रूबियों अपने भारत दौरे के दौरान रिलायंस के लोगों से भी मुलाकात करेंगे।

उनकी कार्यक्रम मुंबई और जामनगर का है। इस यात्रा में ऊर्जा सहयोग बढ़ाने और दोनों देशों के बीच कारोबारी रिश्तों को मजबूत करने पर जोर रहने की उम्मीद है।

**डीजल की बढ़ती कीमतें बनी अमेरिका के लिए चिंता का विषय**

### मार्को रुबियो के भारत दौरे पर राहुल गांधी ने कसा तंज

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के भारत यात्रा व उनके मुंबई और गुजरात के जामनगर का दौरा करने को लेकर लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मिस्टर रुबियो ने अपने कर्मचारी को मुंबई बुलाया है। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी, विदेश मंत्रालय में आपके अधिकारी इस बात को लेकर उलझन में हैं कि आखिर चल क्या रहा है। शायद आप ही उन्हें समझा दें। या फिर, अगर आप चाहें तो मैं भी समझा सकता हूं।

### भारत-अमेरिका के ऊर्जा रिश्तों के लिहाज से अहम

इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने चेतावनी दी है कि डीजल बाजार में आ रही रुकावटों के कारण अगले साल भी कीमतें ऊंची बनी रह सकती हैं। डीजल की कीमतों को कम करने के लिए - जिसका असर अमेरिकी ट्रक ड्राइवरों, किसानों और माल भेजने वालों पर पड़ता है - अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में रूस पर लगे प्रतिबंधों को कुछ समय के लिए रोक दिया, ताकि वैश्विक बाजार में मॉस्को से सप्लाई आ सके।

**मुंबई में मिलेंगे रूबियो और जयशंकर, यूएई के विदेश मंत्री भी आएंगे**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर 20 अक्टूबर को मुंबई में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मिलेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी जानकारी दी। जयशंकर इस दौरान अमेरिका की स्वतंत्रता के 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में वह मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में यूएई के विदेश मंत्री भी आएंगे।

### 14 लाख बैरल रोजाना कच्चा तेल प्रोसेस करने की क्षमता

गुजरात के जामनगर में स्थित रिलायंस का रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स आकार और क्षमता, दोनों के लिहाज से बेहद खास है। कंपनी की आधिकारिक जानकारी के मुताबिक यहां रोजाना करीब 14 लाख बैरल कच्चे तेल को प्रोसेस करने की क्षमता है। यह दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे जटिल सिंगल-साइट रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स है। एक ही जगह पर इतने बड़े पैमाने पर कच्चे तेल को प्रोसेस करके पेट्रोलियम उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। यहां कच्चे तेल से पेट्रोल, डीजल और अन्य रिफाइंड उत्पाद बनाने के साथ पेट्रोकेमिकल कारोबार के लिए भी बड़े स्तर पर उत्पादन से जुड़ी सुविधाएं मौजूद हैं।

**7,500 एकड़ में फैला है विशाल कॉम्प्लेक्स**

जामनगर रिफाइनरी सिर्फ तेल प्रोसेस करने वाली फैक्ट्री नहीं, बल्कि एक विशाल औद्योगिक परिसर है। सबसे बड़ी बात है इसका क्षेत्रफल करीब 7,500 एकड़ बताया गया है। इतने बड़े क्षेत्र में रिफाइनिंग के साथ पेट्रोकेमिकल उत्पादन और इससे जुड़ा बुनियादी ढांचा मौजूद है।

## बोले राजदूत हरीश, मध्य-पूर्व में बढ़ता संघर्ष चिंता का विषय

# यूएन के मंच से सऊदी अरब के साथ भारत वैश्विक तनाव खत्म करने की अपील की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीते लगभग 8 महीने से पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी के इलाके में चल रही भीषण जंग के बीच भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के मंच से पूरी एकजुटता के साथ सऊदी अरब का समर्थन करते हुए कहा है कि मध्य-पूर्व में होता संघर्ष का विस्तार, बढ़ती शत्रुता और बुनियादी नागरिक ढांचों (सऊदी के हवाई अड्डों पर हुए हमले शामिल हैं), व्यापारिक जहाजों, नाविकों पर लगातार होते हमले नई दिल्ली के लिए बेहद चिंताजनक हैं। हम ऐसी किसी भी कार्रवाई की पुरजोर अंदाज में निंदा करते हैं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी हमारी ये अपील है कि युद्ध के तनावपूर्ण हालात के बीच सभी पक्ष संयम बरतें। यह जानकारी यूएन में भारत के राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बीते गुरुवार देर रात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मध्य पूर्व की स्थिति पर आयोजित की गई एक परिचर्चा में दी है। क्षेत्र की शांति में भारत का बड़ा हित

उन्होंने कहा कि खाड़ी क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता में भारत का बहुत बड़ा हित जुड़ा हुआ है। वहां की आम जनता को भी स्थायी शांति के साथ सामान्य जीवन की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। शांति का अर्थ महज युद्ध की समाप्ति तक सीमित नहीं है। बल्कि यहां पर असल मुद्दा क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा, स्थिरता को अनिवार्य रूप से मजबूत बनाना है। भारत इस बाबत अपना योगदान देने से कभी भी नहीं हिचकेगा।

## अमेरिकी सेना कर सकती है स्टारलिंक पर नियंत्रण

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच बीते साढ़े चार साल से जारी जंग अब निर्णायक मोड़ पर है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में मध्यावधि चुनाव को ध्यान में रखते हुए रूस से अमेरिका को ईंधन की सप्लाई करने की छूट दे दी। इतना ही नहीं उन्होंने यूक्रेन को रूस की तेल रिफाइनरियों को निशाना न बनाने की नसीहत भी दे डाली। लेकिन यूक्रेन ने इसे न मानने के संकेत दिए हैं और राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस के हमलों की स्थिति में वह भी पलटवार जारी रखेगा। हालांकि, इस बीच यूक्रेन के सामने एक नई समस्या खड़ी हो गई है। यूक्रेनी सेना की शिकायत है कि उसे एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक की तरफ से मिलने वाली इंटरनेट सेवा में रुकावटें आनी शुरू हो गई हैं, जिससे उसके सैन्य अभियान में खासी दिक्कतें आ रही हैं।

## सऊदी अरब में भारत के राजदूत संभालेंगे यमन से जुड़ी हुई राजनयिक जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को अधिकारिक बयान जारी कर बताया कि सऊदी अरब में भारत के मौजूदा राजदूत विपुल को यमन गणराज्य में भारत के कूटनीतिक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए अधिकृत किया गया है।

**नेपाल के लिए विदेश मंत्रालय का ऐलान, सुधाकर दलेला होंगे अगले राजदूत**

जबकि नेपाल में भारत के अगले राजदूत के रूप में वरिष्ठ राजनयिक सुधाकर दलेला की नियुक्ति की गई है। दलेला वर्ष 1993 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी हैं। वर्तमान में वह मंत्रालय में सचिव के पद पर कार्यरत हैं। जल्द ही वह अपनी नई जिम्मेदारी को संभालेंगे। वहीं, यमन को लेकर आईएफएस अधिकारी विपुल को सौंपी गई कमान के तहत वह सऊदी अरब के रियाद से ही खाड़ी के इस अन्य देश से जुड़ी हुई भारत की तमाम राजनयिक गतिविधियों का संचालन करेंगे। जल्द ही वह अपने कामकाज की शुरुआत करेंगे।

मालूम हो कि यमन में जारी आंतरिक संघर्ष, अस्थिरता की वजह से नई दिल्ली द्वारा वहां पर तैनात किए जाने वाले राजदूत आमतौर पर सऊदी अरब से ही अपना कामकाज करते हैं। दोनों देशों की सीमाएं लगी हुई हैं।

## अमित शाह ने एनएसजी स्थापना दिवस पर जवानों को दी बधाई, कहा

**बल के कर्मियों को उनके अटूट साहस के लिए किया सलाम**

# राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने भारत के खिलाफ आतंकवादी खतरों को साहस और दृढ़ता के साथ नाकाम किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के स्थापना दिवस पर बल के जवानों और अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने भारत के खिलाफ आतंकवादी खतरों को साहस और दृढ़ता के साथ नाकाम किया है। गृह मंत्री ने बल के जवानों की पेशेवर दक्षता, बहादुरी और देश की सुरक्षा के लिए किए गए बलिदानों की सराहना की। अमित शाह ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने भारत के खिलाफ आतंकवादी खतरों को साहस और दृढ़ता के साथ नाकाम किया ने तूफान जैसी ताकत के साथ देश के सामने आने वाले आतंकवादी खतरों को ध्वस्त किया है। उन्होंने बल के कर्मियों को उनके अटूट साहस और अनुशासित कार्यशैली के लिए सलाम किया। उनका संदेश राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियानों में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने भारत के खिलाफ आतंकवादी खतरों को साहस और दृढ़ता के साथ नाकाम किया की भूमिका को रेखांकित करता है।

**सटीक योजना, विशेष प्रशिक्षण और समन्वय अहम**

अमित शाह ने कहा कि एनएसजी ने भारत के खिलाफ आतंकवादी खतरों को नाकाम करने में साहस दिखाया है। उनका संदेश बल की उस भूमिका पर केंद्रित रहा, जिसमें आतंकवादी हमलों से निपटना और महत्वपूर्ण सुरक्षा परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई करना शामिल है। ऐसे अभियानों में सटीक योजना, विशेष प्रशिक्षण और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय महत्वपूर्ण होता है।

### जवानों की प्रतिबद्धता की गृह मंत्री ने की प्रशंसा

गृह मंत्री अमित शाह ने एनएसजी के स्थापना दिवस पर बल के सभी कर्मियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में देश की सुरक्षा के लिए एनएसजी के योगदान को याद किया और जवानों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। एनएसजी भारत का विशेष आतंकवाद विरोधी बल है, जिसे गंभीर सुरक्षा चुनौतियों और उच्च जोखिम वाले अभियानों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

### साहस और पेशेवर दक्षता की सराहना

गृह मंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने भारत के खिलाफ आतंकवादी खतरों को साहस और दृढ़ता के साथ नाकाम किया कर्मियों के साहस, पेशेवर दक्षता और समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने बल के जवानों की कार्यशैली को देश की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का उदाहरण बताया। विशेष अभियान चलाने वाले कर्मियों को कठिन परिस्थितियों में तेजी से निर्णय लेने, जोखिम का आकलन करने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

### जवानों का बलिदान किया याद

अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने भारत के खिलाफ आतंकवादी खतरों को साहस और दृढ़ता के साथ नाकाम किया के जवानों के बलिदान को भी सम्मान दिया। देश की सुरक्षा के लिए काम करने वाले कर्मियों को कई बार गंभीर जोखिमों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनका समर्पण राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गृह मंत्री का संदेश उन कर्मियों के योगदान को सम्मानित करता है, जिन्होंने आतंकवाद और अन्य गंभीर सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए अपनी सेवाएं दी हैं।

## बांग्लादेश में हिंदू छात्रों ने किया विरोध

# यूनिवर्सिटी में मंदिर के पास गोमांस पकाने पर विवाद

एजेंसी ▶▶ ढाका

जगन्नाथ यूनिवर्सिटी के इस्लामिक हिस्ट्री एंड कल्चर विभाग के 17वें बैच के छात्रों ने 12 अक्टूबर को कैंपस में गोमांस की खिचड़ी बनाने का कार्यक्रम रखा। मंदिर समिति के सदस्य सचिव जॉय साहा ने बताया कि गोमांस की खिचड़ी बनते देख कुछ हिंदू छात्रों ने विरोध किया। मामला बढ़ने पर यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर ने हस्तक्षेप किया। इसके बाद आयोजकों ने मंदिर से कुछ दूरी पर खाना बनाया। आयोजकों ने कहा उनका किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था।

### प्रशासन ने दूसरे नोटिस में दी आयोजन की छूट

छात्रों के विरोध के बाद विवि प्रशासन ने दूसरा नोटिस जारी कर अपनी स्थिति साफ की। इसमें कहा गया कि 12 अक्टूबर को खिचड़ी बनाने को लेकर हुआ विवाद प्रॉक्टर के हस्तक्षेप से उसी दिन सुलझा लिया गया था। अगले दिन संबंधित पक्षों के बीच बातचीत से भी मामला निपट गया था।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415